


दैनिक **माधव संदेश**

पल-पल की खबर हर पल

**माधव संदेश**

ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं, छापते है

संपर्क करें

9412612728, 9412492416

वर्ष-33 | अंक-183 | इटावा, बुधवार 02 अगस्त 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### चांद की तरफ निकला चंद्रयान-3

**नई दिल्ली।** इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 को पृथ्वी की ऑर्बिट से चांद की तरफ भेजा। इसे ट्रांसलूनर इंजेक्शन कहा जाता है। इससे पहले चंद्रयान ऐसी अंडाकार कक्षा में घूम रहा था, जिसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 236 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 1,27,603 किमी थी। अब 5 अगस्त को ये चंद्रमा की ऑर्बिट में पहुंचेगा और 23 अगस्त को चंद्रमा पर लैंड करेगा। ट्रांसलूनर इंजेक्शन के लिए बेंगलुरु में मौजूद इसरो के हेडक्वार्टर से वैज्ञानिकों ने चंद्रयान का इंजन कुछ देर के लिए चालू किया। इंजन फायरिंग तब की गई जब चंद्रयान पृथ्वी से 236 किमी की दूरी पर था। इसरो ने कहा- चंद्रयान-3 पृथ्वी के चारों ओर अपनी परिक्रमा पूरी कर चंद्रमा की ओर बढ़ रहा है। इसरो ने अंतरिक्ष यान को ट्रांसलूनर कक्षा में स्थापित कर दिया है।

### जिला जज की निगरानी में चलेंगे महाराष्ट्र के सरकारी स्कूल

**औरंगाबाद।** मुंबई हाईकोर्ट की औरंगाबाद खंडपीठ ने महाराष्ट्र के स्कूलों की दयनीय स्थिति को देखते हुए, भारी नाराजगी जाहिर की। हाईकोर्ट ने जिला जजों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति के गठन करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति रवींद्र बी हुगे और न्यायमूर्ति वाई जी खोबरागडे की खंडपीठ ने सरकारी स्कूल में 18 माह से बिजली आपूर्ति नहीं होने के बाद यह आदेश जारी किया है। एक जनहित याचिका में महाराष्ट्र के सरकारी स्कूलों की हालात को लेकर यह याचिका दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि महाराष्ट्र के सरकारी स्कूल बदहाल हैं। पर्याप्त संख्या में शिक्षक नहीं है। स्कूल में लाइट नहीं है। परिसर के अंदर शराब पी जा रही है। टॉयलेट इत्यादि की व्यवस्था भी नहीं है। इसको लेकर हाईकोर्ट ने पूरे महाराष्ट्र के सभी जिलों के सरकारी स्कूलों को जिला जजों की निगरानी में रखा है।

### बिल्डरों को पुनर्जीवन दिया सुप्रीम कोर्ट ने

**नई दिल्ली।** सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बिल्डर को अपना अकाउंटिंग मेथड चुनने का हक है। उसी के अनुसार आयकर विभाग को कर निर्धारण करना होगा। सरकार की ओर से तर्क दिया गया था, कि सारे बिल्डर प्रोजेक्ट खत्म होने के बाद ही, आयकर जमा करेंगे। जिसके कारण सरकार को नुकसान होगा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है, कि यदि अकाउंट की दृष्टि से दोनों प्रक्रिया सही हैं। ऐसी स्थिति में बिल्डर जिस माध्यम से अपना एकाउंटिंग तैयार करता है। उसे वैध माना जाएगा। बिल्डर्स के पास टैक्स एसेसमेंट के दो विकल्प होते हैं। एक, जब प्रोजेक्ट पूरा हो जाता है। तब, उसकी आय की गणना होती है। दूसरा प्रोजेक्ट के प्रतिशत के आधार पर टैक्स की गणना की जाती है। जो बिल्डर प्रोजेक्ट कंपलीशन मेथड के अनुसार अकाउंटिंग कर रहे थे। उसे आयकर विभाग ने गलत बताया था।

### राजस्थान में गहलोत सरकार के खिलाफ बीजेपी का हल्लाबोल

**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार को बीजेपी ने गहलोत सरकार के खिलाफ जंगी विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान बीजेपी के प्रदेश भर से आए हजारों कार्यकर्ताओं ने सचिवालय का घेराव किया। इस दौरान उनकी पुलिस से जोरदार झड़प हुई और कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स तोड़ दिए। उसके बाद पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। इसमें एक कार्यकर्ता का सिर फूट गया। यह देखकर प्रदर्शनकारी और भड़क उठे जिससे हालात बेकाबू हो गए। भारी पुलिस बल की तैनातगी के बावजूद हालात जब काबू में नहीं आए तब और पुलिस फोर्स बुलाई गई।

# 'उत्कर्ष-उन्मेष' उत्सव का शुभारंभ करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू: 3 अगस्त को भोपाल आएंगी



संवाददाता ■ भोपाल

राजधानी भोपाल में 3 से 5 अगस्त तक भारत की लोक एवं जनजातीय अभिव्यक्तियों का राष्ट्रीय उत्सव उत्कर्ष और उन्मेष का आयोजन होगा। 3 अगस्त को सुबह 11.30 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्सव का शुभारंभ करेंगी। उत्सव में देश भर से आए करीब 800 कलाकार 3 दिन तक प्रस्तुतियां देंगे। राष्ट्रपति रवींद्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में उत्सव का शुभारंभ करेंगी। राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित रहेंगे। संस्कृति मंत्रालय के संगीत नाटक एवं साहित्य अकादमी, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश के सहयोग से यह आयोजन हो रहा है। संगीत नाटक अकादमी भारत सरकार की अध्यक्ष डॉ. संध्या पूरेचा, साहित्य अकादमी भारत सरकार के सचिव डॉ. के श्रीनिवास राव, संस्कृति और पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला ने मंगलवार को आयोजन की जानकारी भी दी। सचिव डॉ. राव ने बताया कि कार्यक्रम में 575 से ज्यादा लेखक सहभागिता करेंगे। इतने लेखकों की मौजूदगी आज तक किसी कार्यक्रम में नहीं रही। पिछली बार शिमला में हुए आयोजन में 425 लेख शामिल हुए थे। लेखन में रुचि रखने वाले चिकित्सक भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। सभी कलाकार एक-दूसरे की कलां-संस्कृति को भी जान सकेंगे।

### राष्ट्रपति के स्वागत के लिए तैयारियों का दौर

राष्ट्रपति मुर्मू के ऐतिहासिक स्वागत के लिए 500 से ज्यादा कलाकार तैयारी कर रहे हैं। देश के विभिन्न राज्यों के लोक एवं जनजातीय नृत्यों की सामूहिक प्रस्तुति होगी। रवींद्र भवन को भी सजाने का काम चल रहा है। उत्सव का प्रसारण संगीत नाटक अकादमी के फेसबुक एवं यू-ट्यूब चैनल समेत संस्कृति के सोशल प्लेटफार्म पर किया जाएगा। उन्मेष उत्सव अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव मनाया जाएगा। इसमें बहुभाषी कविता पाठ, लेखन पाठ, आदिवासी कवि सम्मेलन, साहित्य के विषयों पर परिचर्चा, आजादी का अमृत महोत्सव पर कविता पाठ और साहित्य के उत्थान संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रबुद्धजनों द्वारा विचार-विमर्श किया जाएगा।

### चेन्नई में वाहन चेकिंग के दौरान बदमाशों ने किया पुलिस एसआई पर हमला




तमिलनाडु में मंगलवार तड़के चेन्नई के बाहरी इलाके में पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी और तभी वाहन चेकिंग के दौरान दो बदमाशों ने एक पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) पर हमला कर दिया, इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की इसमें दो बदमाश मारे गए। पुलिस ने बताया कि दोनों बदमाशों का आपराधिक रिकॉर्ड है।पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों हिस्ट्रीशीटर के पास छुरे थे और उन्होंने देर रात करीब साढ़े तीन बजे गुडुवनचेरी के पास पुलिस एसआई को घायल कर और इतना ही नहीं उनकी जान लेने की कोशिश की। आगे अधिकारी ने बताया कि बदमाशों ने एसआई के सिर पर हमला कर रहे थे हालांकि किसी तरह उन्होंने खुद को बचा लिया।इसके बाद जान बचाने के लिए एसआई ने एक युवक पर गोली चला दी। साथ ही वाहनों की जांच कर रहे दल में शामिल पुलिस अधीक्षक मुरुगेसन अपने सहकर्मी की मदद के लिए पहुंचे और उन्होंने दूसरे व्यक्ति पर गोली चला दी। पुलिस के मुताबिक, एसआई पर हमला करने वाले दो अन्य लोग घटनास्थल से फरार हो गए।उसने बताया कि पुलिस दोनों घायलों को चेंगलपट्टू सरकारी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।उसने बताया कि छोटा विनूद और एस रमेश आदतन अपराधी थे और उनके खिलाफ 50 और 20 से अधिक मामले लंबित थे, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश और जबरन वसूली के मामले भी शामिल थे।



**भोपाल** में मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश घोषणा पत्र समिति के प्रमुख जयंत मलैया की मौजूदगी में घोषणा पत्र समिति की बैठक हुई।

# अमेरिका में बढ़ने लगे कोरोना के मामले



अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने चेतावनी दी है कि देश में कोरोना संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजें की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2022 के मुकाबले अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में 10 फीसदी का उछाल आया है। 15 जुलाई तक अमेरिका में कोरोना संक्रमण के चलते 7100 मरीज भर्ती हुए। वहीं उससे पिछले सप्ताह में यह आंकड़ा 6444 का था।अमेरिका में कोरोना इमरजेंसी रूम में मरीजों के आने की संख्या में भी पिछले महीने के मुकाबले तेजी आई है।ऐसे में अमेरिका में कोरोना की नई लहर को लेकर आशंका पैदा हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी जारी की है। सीडीसी के कोरोना अधिकारी डॉ. ब्रेंडन जैक्सन का कहना है कि छह-सात महीने की गिरावट के बाद अब फिर से कोरोना मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। डॉ. जैक्सन ने कहा कि यह समर वेव (गर्मियों में बढ़ रहे कोरोना के मामले) की शुरुआत हो सकती है।एशिया में कोरोना के उप स्वरूप म्युटाजैनिक के उभरने से भी चिंताएं बढ़ी हैं। हालांकि अभी भी अमेरिका में काफी लोग हैं, जो इसे लेकर चिंतित नहीं हैं। सीडीसी की प्रवक्ता कैथलीन कॉनले ने बताया कि कोरोना गतिविधियों में बीते हफ्ते में तेजी आई है। हालांकि अभी भी संक्रमण के मामले काफी कम हैं। मौतों की संख्या में भी गिरावट है।

# पीएम मोदी को मिला सम्मान



संवाददाता ■ पुणे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पांच घंटे के पुणे के दौरे पर रहे. यहां उन्हें लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. पुरस्कार दीपक तिलक द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार लोकमान्य तिलक मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से लोकमान्य तिलक की पुण्य तिथि पर दिया जाता है। समारोह सर परशुराम भाऊ कॉलेज के मैदान में आयोजित किया गया था. मंच पर राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे, ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक तिलक और अन्य मौजूद थे. यह कार्यक्रम इसलिए भी खास रहा क्योंकि एनसीपी प्रमुख और विपक्ष के नेता शरद पवार ने भी पीएम मोदी के साथ मंच साझा किया. लोकसभा चुनाव 2024 से पहले जिस तरह विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट हो रहा है, उस बीच पीएम मोदी-शरद पवार का एक मंच पर होना अहम घटनाक्रम है. अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए काफी अहम और भावुक करने वाला है. पुणे की भूमि आदर की भूमि है, मैंने यहां के मंदिर का आशीर्वाद लिया. पीएम मोदी ने कहा कि आज जो सम्मान मिला है, यह मेरे लिए काफी खास है. जब भी कोई अवॉर्ड मिलता है तो उसके साथ हमारी जिम्मेदारी भी जुड़ जाती है.

# 200 फीट ऊपर से गर्डर मशीन गिरी, 20 लोगों की मौत

## लोकसभा में बताया- इसके लिए औपचारिक सिफारिश की जरूरत नहीं

संवाददाता ■ मुंबई



निर्माणाधीन महामार्ग पर गर्डर मशीन गिरने से बड़ा हादसा हो गया, इसमें जहां 20 लोगों की मौत हो गई वहीं दर्जनों लोगों के अभी भी इसमें फंसे होने का अंदेशा है। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र में थाणे के शाहपुर में मंगलवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। थाणे के शाहपुर सरलाम्बे इलाके में समृद्धि महामार्ग के निर्माण कार्य के दौरान ब्रिज से क्रेन यानी गर्डर मशीन नीचे गिर गई, जिसमें करीब 20 लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। बताया जा रहा है कि 10-15 लोग अब भी अंदर फंसे हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, करीब 200 फीट से क्रेन नीचे गिरी, जिसके बाद चारों ओर चीख-पुकार मच गई।

### पीएम ने की दो लाख अनुग्रह राशि देने की पेशकश

हादसे में हताहत हुए श्रमिकों के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने हताहत हुए श्रमिकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये व घायलों को 50-50 हजार रुपये पीमए राहत कोष से देने की घोषणा की है। पीएमओ की ओर से जारी एक ट्वीट में मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में हुआ हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मैं अपनी शोक-संवेदना व्यक्त करता हूं।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मणिपुर में कानून-व्यवस्था नहीं बची

## डीजीपी कोर्ट में आकर जवाब दें, चंद गिरफ्तारियां क्यों?



एजेंसी ■ नई दिल्ली

मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने के केस में मंगलवार यानी 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस की जांच को सुस्त बताया। कोर्ट ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। लाइव लॉ के मुताबिक कोर्ट ने हैरानी जताई कि राज्य की जातीय हिंसा में लगभग 3 महीने तक FIR ही दर्ज नहीं की गई। बाद में जब 6000 से ज्यादा FIR हुईं तो इनमें 7 गिरफ्तारियां की गईं। इस पर केंद्र ने बताया कि 7 तो केवल वायरल वीडियो मामले में की गई हैं। अभी तक कुल 250 लोगों को अरेस्ट किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर DGP को कोर्ट में हाजिर होकर इन सभी सवालों का जवाब देने का निर्देश दिया है। FIR में देरी पर केंद्र ने कोर्ट से कहा कि मणिपुर में हालात बेहद खराब हैं। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। पिटीशन में पीड़ित महिलाओं की पहचान जाहिर नहीं की गई है। उन्हें ङ्क और ड्ढ नाम से संबोधित किया गया है। अब मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को दोपहर 2 बजे होगी।

### पुलिस की रिपोर्ट में पीड़ित महिलाओं के नाम, कोर्ट ने शेयर करने से मना किया

कुकी महिलाओं से रेप और हत्या के मामले में याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने कहा कि यह रिपोर्ट कानून के खिलाफ है। इसमें पीड़ित महिलाओं के नाम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को तुरंत निर्देश दिया कि इस रिपोर्ट को किसी से शेयर मत करना। मीडिया को मत देना। नहीं तो पीड़ितों के नाम सामने आ जाएंगे। कोर्ट बोला कि हम अपनी कॉपी में करेक्शन कर लेंगे। इस पर केंद्र ने कहा कि हमने इसे किसी से शेयर नहीं किया।

# दिल्ली दंगा केस में 6 लोगों पर आरोप तय-8 धाराओं में केस, दंगे के 3 साल बाद फरवरी में पहली चार्जशीट आई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने 31 जुलाई को 6 लोगों पर आरोप तय किए है। इन 6 लोगों पर दंगे करने, दुकानों में तोड़फोड़ और फर्नीचर में आग लगाने का आरोप है। इन लोगों पर उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी थाने में मामला दर्ज हुआ था। दिल्ली में 2020 में दंगे हुए थे। एडिशनल सेशन जज पुलस्त्य प्रमाचला ने राजेंदर झा, तजवीर चौधरी, राजेश झा, गोविंद सिंह, पीतांबर झा, देवेंदर कुमार उर्फ मोनू पंडित के खिलाफ आरोप तय किए है। जांच के बाद 2 फरवरी 2023 कोर्ट में को पहली चार्जशीट दाखिल की गई। ये धाराएं 147- दंगा करने, 148- खतरनाक हथियारों से दंगा करने, 149- गैरकानूनी तरीके से इकट्ठा होने, 188- किसी अफसर द्वारा जारी आदेश का उल्लंघन, 392- डकैती, 427- आग या विस्फोटक का इस्तेमाल, 436- आग या विस्फोटक पदार्थ से संपत्ति को नुकसान पहुंचाना है।

# एनआईए ने हिज्ब-उत-तहरीर का 17वां आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार (1 अगस्त) को हिज्ब-उत-तहरीर मामले में 17वें आरोपी को गिरफ्तार किया। हिज्ब-उत-तहरीर एक अंतरराष्ट्रीय कट्टरपंथी संगठन है। बीते कुछ दिनों से ये भोपाल और हैदराबाद में ज्यादा सक्रिय है। एनआईए ने बताया कि आरोपी का नाम सलमान है। ये हैदराबाद के राजेंद्र नगर में छिपा बैठा था। इसका लीडर सलीम पहले से ही हमारी कस्टडी में है। हिज्ब-उत-तहरीर का मकसद भारत में शरिया कानून लाना है।

# नूंह के बाद पलवल-गुरुग्राम में भी हिंसा: मुख्यमंत्री बोले- ये साजिश है, नूंह में कर्फ्यू, इंटरनेट बंद, उत्तर प्रदेश-राजस्थान में भी अलर्ट

एजेंसी ■ नई दिल्ली

हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा के दौरान सोमवार को हुई हिंसा और बवाल के बाद मंगलवार को भी तनाव बना हुआ है। नूंह में 2 अगस्त तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। इलाके में पैरामिलिट्री की 13 कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसा नूंह (मेवात) के बाद गुरुग्राम तक फैल गई है। जिसे देखते हुए इन दो जिलों के साथ ही रेवाड़ी, पलवल, फरीदाबाद, सोनीपत समेत 6 जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। नूंह में 2 अगस्त तक इंटरनेट बंद कर दिया है। नूंह, फरीदाबाद, गुरुग्राम और पलवल में मंगलवार यानी 1 अगस्त को सभी स्कूल-कॉलेज और कोचिंग सेंटर बंद कर दिए गए। नूंह में 10वीं, 12वीं की 1 और 2 अगस्त को होने वाली बोर्ड परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। इधर, हरियाणा पुलिस ने घोषणा की है कि नूंह दंगों में जान गंवाने वाले होमगार्ड नीरज और गुरसेव सिंह के आश्रितों को 57-57 लाख रुपए दिए जाएंगे।



**ब्रज मंडल यात्रा पर पथराव के बाद भड़की हिंसा**

नूंह में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा पर समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव कर दिया। इससे हिंसा भड़क गई। दोनों पक्षों में पत्थरबाजी और फायरिंग हुई। इस दौरान गुड़गांव के होमगार्ड नीरज और गुरसेवक समेत अब तक 5 लोगों की मौत हो गई है।

### उपद्रवियों ने गुरुग्राम-पलवल में दुकान-मकान और गाड़ियां फूंकी

पलवल में होडल के मेन बाजार के पास गांधी चौक पर कपडे की दुकान और सिलाई मशीन की दुकान के ताले तोड़कर 15-20 अज्ञात व्यक्तियों ने तोड़-फोड़ और लूटपाट की गई। इसके बाद 50-60 लोगों की भीड़ ने परशुराम कॉलोनी की लगभग 25-30 झोपड़ियों में आग लगा दी। उपद्रवी यहीं नहीं रुके। दोपहर बाद एक कबाड़े की दुकान को जला दिया तो होडल में सामान से भरे हुए चार ट्रकों को आग के हवाले कर दिया। पुन्हाना रोड पर बनी पार्किंग में खड़े 4 बंद बॉडी के कंटेनर को आग के हवाले कर दिया गया। इधर, गुरुग्राम के बादशाहपुर में भी दुकानों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई।

संपादकीय



## बिना चर्चा सदन से पारित कानून अवैध

पिछले कई सत्रों मे लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभाओं में बिना चर्चा के बिल पास किए जा रहे हैं। वह कानून बन रहे हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें जो कानून बनाती हैं। उसका असर नागरिकों पर पड़ता है। नागरिक अधिकार के तहत मतदाता, मतदान के माध्यम से अपने लिए विधायक और सांसद चुनते हैं। चुनाव के बाद यह माना जाता है, कि निर्वाचित प्रतिनिधि अपने विधानसभा क्षेत्र /लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। निर्वाचित प्रतिनिधि अपने क्षेत्र की जन भावनाओं को समझते हुए, संसद और विधानसभाओं की कार्यवाही अथवा जो कानून बनाए जाते हैं, वह सदन के अंदर अपनी राय रखते हैं,विचार विमर्श होता है। बहुमत के आधार पर संसद और विधानसभाओं में कानून बनेंगे, जो लोगों के हितों का संवर्धन करने वाले होंगे। पिछले कुछ सत्रों से यह देखा जा रहा है कि संसद और विधानसभाओं की बैठकें बहुत कम हो रही हैं। सरकार और विपक्ष के बीच में सदन की कार्यवाही को लेकर मतभेद होता है। सरकार चाहती है, कि उसे सदन के अंदर जवाब ना देना पड़े। सरकार,विपक्ष का सामना करने से बचती है। पिछले कुछ वर्षों में सैकड़ों कानून बिना किसी चर्चा के लोकसभा, राज्यसभा और विधान सभाओं से पारित किए गए हैं। बिना चर्चा के जो कानून पारित किए गए हैं। क्या उन्हें वैध माना जाना चाहिए। इसको लेकर अब बड़े पैमाने पर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। केंद्र सरकार द्वारा जो भी विधेयक ?पिछले वर्षों में पेश किए गए हैं, उनमें लगभग-लगभग 90 फ़ीसदी से ज्यादा विधेयक संसदीय समिति को भी नहीं भेजे गए हैं। विधेयक संसद और विधानसभाओं में सीधे प्रस्तुत किए जा रहे हैं। संसद अथवा विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ घंटे पहले बिल एवं अन्य प्रस्ताव सांसदों और विधायकों के बीच में वितरित कर दिए जाते हैं। वह उनका अध्ययन भी नहीं कर पाते हैं। सरकार हो हल्ले और हंगामे के बीच सदन में प्रस्तुत करती है। आसंदी भी बिल पास करने की औपचारिकता को पूर्ण करा देता है। कुछ ही मिनटों में कई कानून पास कर दिए जाते हैं।

संविधान निर्माताओं ने आसंदी को जो शक्तियां दी हैं। उन शक्तियों का प्रयोग करने में आसंदी विफल साबित होती नजर आ रही है। लोकसभा हो, राज्यसभा हो, अथवा विधानसभा में आसंदी, के पद पर बहुमत के आधार पर सत्तारूढ़ पक्ष की मेहरबानी से पद धारण करते हैं। यही दबाव उनके ऊपर आसंदी पर बैठने के बाद भी बना रहता है। संविधान निर्माताओं ने यह माना था, कि अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हो जाने के बाद, आसंदी दलगत राजनीति से अलग होगी। निर्वाचित प्रतिनिधियों का सदन होगा। सदन के अध्यक्ष सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों के अधिकारों का संरक्षण करेंगे। चाहे वह सरकार हो, चाहे विपक्ष हो। सभी सांसदों और विधायकों को अपने अपने क्षेत्र की बात कहने का सदन में अधिकार होगा। जो भी नियम, कानून सदन में प्रस्तुत किए जाएंगे। उन पर सभी पक्षों को अपनी बात रखने का अधिकार होगा। सदन के अंदर निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके उठाए गए हर प्रश्न का जवाब सरकार से दिलाने की जिम्मेदारी आसंदी की ही होती है। ?निर्वा?चित प्र?तिनिधियों का संवै?धा?निक ?निजी अ?धिकार है, इसे बहुमत के आधार पर बा?धित नहीं ?किया जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में स्थिति बिल्कुल उलट नजर आ रही है। चुनिंदा सांसदों अथवा ?विधायकों को एक या 2 मिनट में अपनी बात कहने का मौका सदन में दिया जा रहा है। सांसद और विधायक जो प्रश्न लगाते हैं। उनके उत्तर भी सरकार से नहीं मिलते है। तारांकित और अतारांकित प्रश्न लगाने में सचिवालय मनमाने तरीके से प्रश्न चयनित करते हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों के सामान्य अधिकार भी अब आसंदी के रहते हुए सदन में सुरक्षित नजर नहीं पा रहे हैं। पिछले एक दशक में लोकसभा, राज्यसभा एवं विधान सभाओं के सत्र अवधि कम होती जा रही है। पूरा सत्र हंगामे और हो-हल्ले मे खत्म हो जाता है। निर्धारित समय के पहले ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जाती है। सदन में प्रस्तुत विधेयक, बजट अनुपूरक बजट विधि विधाई से संबंधित संशोधन हो -हल्ले के बीच ना और हां के जरिए मतदान कराकर आसंदी द्वारा स्वीकृत किए जा रहे हैं। सरकार जो चाहती है, वह आसंदी कर देती है। इसे संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं माना जा सकता है। आसंदी की जिम्मेदारी है,कि वह सदन की कार्रवाई मे सभी पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर दे। आसंदी को अधिकार है, कि वह सरकार और विपक्ष के बीच में समन्वय बनाए। गतिरोध को दूर कराने में आसंदी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जब दोनों पक्षों में विवाद शांत ना हो रहा हो। उस समय आसंदी निष्पक्षता के साथ पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति बनाने का कार्य,हमेशा से करती आई थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से आसंदी सरकार के दबाव में काम करती हुई स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। इसके कारण सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार गतिरोध बढ़ रहा है। संसद और विधानसभा की कार्यवाही सुचारू रूप से नियमों के अनुसार संचालित हो। इसका दायित्व आसंदी का होता है। आसंदी निष्पक्ष तरीके से काम करती है, तो वह सरकार और विपक्ष पर दबाव बनाती है। अब उल्टा हो रहा है। आसंदी कहती है, सदन की कार्यवाही चलाने में सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकार के कामकाज को निपटाने के लिए ही सत्र बुलाया जाता है। आसंदी सरकार को संरक्षण देती है। जिसके कारण आसंदी के साथ, अब विपक्ष के रिश्ते बेहतर नहीं हैं। आसंदी जब सरकार का हिस्सा बन जाती है। इसका मतलब,आसंदी की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर विपक्ष को विश्वास नहीं रहता। जो भी विधेयक सदन में बिना चर्चा पारित किए जा रहे हैं। वह एक तरह से अवैध माने जाने चाहिए। सदन में बिना चर्चा कराए, आसंदी ने बिना चर्चा के जो बिल पारित किए हैं। इसे अवैधानिक ही माना जाना चाहिए। संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखना है। तो इस दिशा में सभी को सोचना होगा।

# युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास

**लेखक - कुमार कृष्णन**

भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का जश्न मनाने के लिए,संगीत नाटक अकादेमी ने देश की असंख्य प्रदर्शन कला शैलियों, परम्पराओं और अभिव्यक्तियों की निरंतरता को प्रदर्शित करने वाली एक उत्सव श्रृंखला की परिकल्पना की है, जिसे 'अमृत युवा कलोत्सव' नाम दिया गया है। अमृत युवा कलोत्सव' वस्तुतः देश के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक संस्थाओं के साथ मिलकर युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के लिए अकादेमी द्वारा किया जा रहा एक ठोस प्रयास है। इसका उद्देश्य देश की नवोदित प्रतिभाओं को सामने लाना है।भारत अपने अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। यही वह काल है जब देश के भविष्य को उसके गौरवशाली अतीत की नींव पर स्थापित किया जाना है। संगीत नाटक अकादेमी का यह अभिनव प्रयास इसी उद्देश्य से प्रेरित है। अकादमी चाहती है कि युवाओं में प्रदर्शन कलाओं के प्रति रुचि जगे । चेन्नई, इम्फाल, भोपाल, जम्मू, लखनऊ, मुम्बई, उडुपी, दिल्ली, वाराणसी,गंगटोक, अगरतला, रायपुर, पुदुचेरी, बोकारो, चंडीगढ़ और श्रीनगर के बाद संगीत नाटक अकादमी,पटना नगर निगम एवं कला संस्कृति एवं युवा विभाग,बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। तीन दिवसीय महोत्सव पारखी, युवा पीढ़ी, इच्छुक दर्शकों, कलाकारों, विद्वानों, कला अभ्यासियों, सांस्कृतिक मंडलियों और संस्थानों के साथ मिलकर प्रदर्शन कलाओं के प्रसार को व्यापक बनाने और इनके एकीकरण का एक अवसर बनकर उभरा।

कलोत्सव के पहले दिन से ही एक से एक बेहतरीन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलोत्सव में पहले दिन के पहले सत्र में कला सृजन नाट्य लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया। नाट्य लेखन कार्यशाला का उद्घाटन देश के प्रसिद्ध व नाट्य विशेषज्ञ देवाशीष मजूमदार, निर्देशक परवेज अख्तर,किलकारी के निदेशक ज्योति परिहार,संजय चौधरी, उपसचिव संगीत रीता स्वामी चौधरी व संगीत नाटक अकादमी के जेनेरल काउंसिल मेम्बर आशीष मिश्रा ने किया। नाट्य लेखन कार्यशाला का आयोजन किलकारी में किया गया जहाँ प्रदेश के सैकड़ों नाट्य प्रेमियों ने नाट्य लेखन के गुर सीखें।

दूसरे सत्र में कार्यक्रम की शुरुआत नुक्कड़ नाटक से हुई। क्रिएशन पटना बिहार द्वारा प्रेमचंद रंगशाला परिसर में निर्देशक उत्तम कुमार द्वारा निर्देशित लवर्स रिटर्न्स नुक्कड नाटक की प्रस्तुति हुई । नुक्कड़ नाटक लवर्स रिटर्न्स ने मौजूद दर्शको को हंसा हंसा के लोट पोट कर दिया।

नुक्कड़ नाटक के बाद सैकड़ों नाट्य प्रेमी व कलाकारों संग संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के पदाधिकारियों द्वारा कला यात्रा जुलूस निकाला गया । कला यात्रा जुलूस निकाल लोगो को नाटक व साहित्य के प्रति जागरूक किया गया।

मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत प्रेमचंद रंगशाला के प्रेक्षागृह में विधिवत दीप प्रज्वलित कर की गई। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम की मुख्यअतिथि सीता साहू,संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के उपाध्यक्ष जोराबर सिंह जाधव,संगीत नाटक अकादमी के जेनरल काउंसिल मेम्बर आशीष मिश्रा,रीता स्वामी चौधरी उपसचिव संगीत नाटक अकादमी,संजय चौधरी उपसचिव एसएनए,नंदलाल नायक संगीत नाटक अकादमी अवार्डी व जेनरल काउंसिल मेम्बर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति बिहार के राजीव रंजन और समूह द्वारा विद्यापति संगीत की प्रस्तुति की गई। विद्यापति की चर्चित रचना– जय जय भैरवी असुर भयावनी ने माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय कर दिया।

उसके बाद पश्चिम बंगाल के सरोद सिस्टर्स (ट्रोइली दत्ता व मोइसीलि दत्ता) द्वारा सरोद जुलगबन्दी ने खूब वाहवाही लूटी। ओडिसी नृत्य व अभिनय की भी खूब सराहना हुई,उदय कुमार व उनके समूह द्वारा बिहार की कजरी ने तो मानो सभी का दिल ही जीत लिया। बिहार के ही निर्देशक अभिषेक राज द्वारा निर्देशित चर्चित नाटक चरणदास चोर की प्रस्तुति तक दर्शक डंटे रहे। तमाम कार्यक्रम की दर्शकों ने खूब सराहा की।

दूसरे दिन आयोजित कला समीक्षा कार्यशाला को आशीष मिश्रा, विनोद अनुपम,संजय उपाध्याय,विनय कुमार व नंदलाल नायक ने संबोधित किया। समीक्षा कार्यशाला को संबोधित करते हुए देश के प्रसिद्ध निर्देशक संजय उपाध्याय ने कहा नाटक में संगीत,लाइट,कॉस्ट्यूम ये तमाम चीज़े एक चरित्र के रूप में आते हैं। डिक्शन,बॉडी लैंग्वेज की समझ बहुत जरूरी है। बेहतर नाटक समीक्षा के लिए अधिक से अधिक नाटक देखें एक नाटक देखना 10 नाटक पढ़ने के बराबर है। उन्होंने आगे कहा आप जीवन मे कुछ भी करें लेकिन कला की समझ होनी बहुत जरूरी है क्योंकि कला की समझ रखने वाले लोग एक बेहतर इंसान बनते हैं।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नंदलाल नायक ने अपने संघर्ष से सफलता की कहानी बताई और ये भी बताया कि कैसे हम अपनी क्षेत्रीय कलाओं का अध्ययन कर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर सकते हैं। कला समीक्षक का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि हम टाइगर तो बचा रहे हैं लेकिन संस्कृति के टाइगर हमारे बुद्धिमान कला समीक्षक विलुप्त होते जा रहे हैं,उन्हें बचाने की खूब जरूरत है। बिहार प्रशासनिक सेवा में वरिष्ठ अधिकारी विनय कुमार ने कहा कला की दुनिया मे पिछले दो दशकों में खूब बदलाव आया है। अधिक से अधिक युवा कला समीक्षक सामने आने से हमारे समाज,कला संस्कृति का विकास होगा। एक कला समीक्षक को उनके द्वारा लिखे जाने वाले विषय की समझदारी होनी चाहिए। हमे अच्छे आर्टवर्क,नाटक व फिल्में देखनी चाहिए और कला की बारीकियों को समझने का प्रयास करनी चाहिए।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विनोद अनुपम ने कहा एक समीक्षक जब समीक्षा करता है तो कार्यक्रम खत्म होने के बाद इसकी जिम्मेदारी शुरू होती है। कार्यक्रम के अच्छे पहलुओं को पाठकों दर्शको तक पहचान समीक्षक का कार्य होता है। कला समीक्षक को संयम के साथ कहानी से बाहर निकल पड़ता है। उन्हें लाइट,डायलॉग,वस्त्र इत्यादि का भी बखूबी ध्यान रखना होता है। फ़िल्म व किताब के रिव्यू में तो दोबारा देखने का विकल्प होता है लेकिन नाटक के विषय मे ये बाते लागू नही होती एक ही मौका मिलता है। एक उम्दा समीक्षक को तकनीकी समझ होनी भी आवश्यक है तभी तमाम चीजो को जस्टिफाई कर पायेंगे।

संगीत नाटक अकादमी के जेनेरल काउंसलर व वरिष्ठ पत्रकार आशीष मिश्रा ने समीक्षा कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आप पत्रकार बनते हैं अगर आप कला समीक्षक बनते हैं आर्ट पे लिखते हैं तो आपको अपना नजरिया रोज लिखने का अवसर मिलेगा और ये आपको अंतराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कर देगा। वर्तमान में डांस पर लिखने वाला इस देश मे कोई नही है जिसे डांस की समझ हो। कला पर लिखने हेतु कला की समझ बहुत जरती है। लिखना निरंतर जारी रखने वाली एक प्रक्रिया है जिसे अनवरत अभ्यास व अध्ययन की आवश्यकता है।दूसरे सत्र में प्रेमचंद रंगशाला परिसर में बिहार के ही सुरेश कुमार हज्जु द्वारा निर्देशित नुक्कड़ नाटक पालकी पालना की प्रस्तुति हुई जिसने दर्शको का खूब मनोरंजन किया।

उसके बाद मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत की हुई। पहली प्रस्तुति में मध्यप्रदेश के निर्देशक पूजा केवट द्वारा निर्देशित नाटक पांचाली की प्रस्तुति हुई।पांचाली में पांच अलग अलग कविताओं का नाट्य रूपांतरण किया गया। मंच पर आए कलाकारों ने द्रौपदी के जीवन को जीवंत कर दिया। पांचाली के जरिये द्रौपती से लेकर निर्भया व लक्ष्मी जैसे दुष्कर्म पीड़ित युवतियों व महिलाओं की व्यथा को बखूबी दिखाया गया।

उसके बाद तमिलनाडु के जे बी किर्तना और समूह द्वारा कर्नाटक गायन की प्रस्तुति हुई। उसके बाद बिहार की चर्चित लोक नृत्य जट जटिन की प्रस्तुति बिहार के ही लोक कलाकार प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। जट जटिन में विवाहित दंपती के बीच के कोमल व मीठी नोक झोंक को अनोखे ढंग से प्रस्तुत किया गया। जट जटिन को देख प्रेक्षागृह तालियों की ध्वनि से गूंज उठा।

कर्नाटक के प्रसिद्ध डांस ग्रुप मिराकल ओक व्हील्स द्वारा प्रयोगात्मक नृत्य की प्रस्तुति हुई। इसके हर प्रस्तुति में गरिमा, शक्ति, आत्मविश्वास, संतुलन और रचनात्मकता की झलक दिखी। उसके बाद बिहार के ही चर्चित निर्देशक चंदन कुमार वत्स द्वारा निर्देशित नाटक मृत्यु के पीछे का मंचन भी किया गया। एक से एक कार्यक्रमो का आनंद लेते हुए दर्शक अंत तक दर्शक डंटे रहे।

अमृत युवा कलोत्सव 2023-2024, में तीसरे दिन कार्यक्रम के पहले सत्र में नाट्य लेखन कार्यशाला का आयोजन किलकारी बाल भवन में किया गया । नाट्य लेखन कार्यशाला में देश के प्रसिद्ध नाट्य विशेषज्ञ देवाशीष मजूमदार व चर्चित निर्देशक परवेज अख्तर द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित किया। कार्यशाला के अंतिम दिन देवाशीष मजूमदार भावुक हो उठे उन्होंने कहा यहाँ के बच्चे काफी प्रतिभावान हैं जिन्हें बस थोड़ी दिशानिर्देशन की जरूरत है।

# (व्यंग्य) इंद्रदेव का एक्सक्लूसिव इंटरव्यू ,,,,,,,,


**लेखक - सुरेश विचित्र**

इंद्रदेव जी आजकल बहुत ही लापरवाह हो गये हैं । और उनकी लापरवाही मैं राजनीति की बू भी आती है। कई वर्षो से देखा जा रहा है, कि उनके द्वारा कहीं-कहीं अत्यंत भीषण बारिश करा दी जाती है। और कहीं कहीं सूखे की स्थिति भी बना दी जाती है। यह राजनैतिक कारणों से भी हो सकता है। जिसकी आजकल चर्चा हो रही है। सत्ता पक्ष वाले,, विपक्ष कि जहां जहां सरकारें हैं वहां पर बादलों का रुख कर देते हैं। नदियों की धार बदल देते हैं। और उस राज्य में, उस प्रदेश में हाहाकार की स्थिति बना देते है। वर्तमान समय में दिल्ली, मथुरा, वृंदावन, और न जाने कितने शहरों में भीषण बाढ़ आई हुई है। उत्तराखंड मैं तो तबाही मची हुई है। कहीं पहाड़ गिर रहे हैं, कहीं पुल टूट रहे हैं, कहीं सड़कें बह रही हैं, और कहीं बड़े छोटे वाहन कागज की नाव की तरह बह रहे हैं। रेलमार्ग भी टूटे जा रहे हैं, यह सब इंद्रदेव की लापरवाही के कारण हो रहा है। इतनी लापरवाही भी ठीक नहीं है। वही कुछ स्थान ऐसे भी हैं, जहां हल्की-फुल्की बारिश हो रही है, लोग गर्मी से परेशान हैं, इंतजार है कि अच्छी बारिश हो जाये, तो धान की फसल लगा दी जाये, कहीं-कहीं स्थिति ऐसी है, कि खेत लबालब हो गए हैं, धान की फसल लगाई नहीं जा सकती। कहीं कहीं स्थिति यह है कि लगी हुई फसल को बाढ़ के पानी में बहना पड़ा है। गर्मी से, बाढ़ से, बीमारियां फैल रही है। यह सब लापरवाही की श्रेणी में आता है। इसके लिए इंद्रदेव को बक्सा जाना ठीक नहीं है। और इसी के तहत एक दिन हमने उनसे इंटरव्यू का मन बना लिया और उनसे जो इंटरव्यू लिया वह आपके समक्ष है।

प्रश्न,, इंद्रदेव जी आप यह बताने की कृपा करें की आप अपने काम के प्रति लापरवाही क्यों बरत रहे हैं, आपके कार्यकर्ता धरती पर सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं, क्योंकि आप उन पर सही निगरानी नहीं रख पा रहे। मतलब आप अक्षम होते जा रहे हैं। उत्तर,,, नहीं नहीं ऐसा कुछ भी नहीं है, युगो युगो से हम इंद्रदेव के रूप में वर्षा ऋतु का संचालन करते आ रहे हैं। और कहीं किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हुई है। और ना ही हमारे कर्मचारियों द्वारा कोई लापरवाही की गई है। अगर आपको लापरवाही समझ में आ रही है तो यह धरती पर बसे हुए मनुष्यों की हो सकती है। जो अति लापरवाह हो गये हैं। जिन्होंने प्रकृति के साथ बहुत अन्याय किया है। उसी के यह सब परिणाम है। जिन्हें भुगतना तो पड़ेगा ही। प्रश्न,,, इंद्रदेव जी आपने अपने आप को और अपने कर्मचारियों को बचाने के लिए सीधे धरती पर बसे मनुष्य को दोषी ठहरा दिया है यह बात ठीक तो नहीं है। कैसे आप उसको कह सकते हैं।

उत्तर,,, मैं इंद्रदेव हूं,, मेरी पूरी नजर धरती पर रहती है। आप जो बात कर रहे हैं, उसे में साबित कर रहा हूं, आपको दिखा भी रहा हूं, लेकिन आपको उस दृष्टि से देखना होगा। आप बताइए पहले धरती पर पेड़ पौधों की संख्या अधिक हुआ करती थी, पशु पक्षियों की संख्या अधिक हुआ करती थी, यह सब धीरे-धीरे अब नष्ट हो रहे हैं ।निश्चित रूप से इसमें धरती पर बसे हुए मनुष्यों का ही पूरा हाथ है। इसमें किसी प्रकार के पक्षपात वाली बात नहीं है। मनुष्य ने ही प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ा है। अंधाधुंध पेड़, पौधों, की कटाई की है। धरती से विभिन्न प्रकार के खनिजों को निकाला है। पशु पक्षियों को समाप्त किया है। यही सब कारण है, जिनके कारण पृथ्वी का मौसम असंतुलित होता जा रहा है। इसमें ना हमारा दोष है, ना हमारे कर्मचारियों का दोष है।

प्रश्न,,, आदरणीय इंद्रदेव जी आपने हमेशा से अपने इंद्रासन को बचाने के लिए किसी ना किसी पर दोष मढ़ा है, धरती पर बसे नेताओं की तरह ही आपके जवाब होते हैं अपनी गलती छुपाने के लिए दूसरे की तरफ उगलियां उठा देते हैं। आपने भी खुद को बचाने के लिए कभी देवी-देवताओं को भी नहीं बक्सा, जबकि आप स्वयं अप्सराओं के साथ ऐशोआराम में मगन रहते हैं। निवेदन है अपना काम ठीक ढंग से करें वरना हमें आपकी शिकायत देवताओं की वजाय राहु केतु से करना पड़ेगी। उत्तर,,, आप मनुष्य होकर इस तरह के आरोप हमें ना लगाये, देवताओं ने भी इस तरह के आरोप कभी मुझ पर नहीं लगाये हैं। जैसी करनी वैसी भरनी,, जैसा आप लोग करेंगे वैसा आप लोगों को भोगना पड़ेगा। मैं और मेरे कर्मचारी मौसम के हिसाब से ही काम करते हैं। धरती की एक एक इंच भूमि पर जल वृष्टि कराने की कोशिश करते हैं। हमारे कर्मचारी इस काम को बहुत मुस्तैदी से करते हैं। बस हवा का जो रुख होता है, पेड़ पौधों का जो आकर्षण होता है, वह जरूर हमारे मौसम को, हमारे बादलों को आकर्षित कर लेता है। जिस कारण यह स्थिति बनती है, और उसके लिए पूरी तरह मनुष्य ही दोषी है। जिसने अपने स्वार्थ के लिए धरती को खोखला कर दिया है, और पेड़ पौधों को नष्ट कर दिया है। अभी वक्त है यहां वहां दोषारोपण करने से अच्छा है की पर्यावरण की रक्षा करें और पेड़ पौधों को रोहित करें, उनको बड़ा होने तक उनकी सुरक्षा भी करें। धन्यवाद मित्र,,।इंटरव्यू और भी बड़ा हो सकता था, किन्तु इन्द्रदेव की भावनाओं को समझते हुए उनसे ज्यादा बातचीत करना ठीक नहीं था क्योंकि वह भी बहुत व्यस्त रहते हैं। अपनी कुर्सी को बचाने के चक्कर में हमेशा लगे रहते हैं। लेकिन पृथ्वी के प्रति उनका स्नेह हमेशा बना रहता है, ऐसा समझ में आया। उन्होंने जो सुझाव दिए हैं निश्चित रूप से हमें उन पर अमल करना होगा।



व्यक्तित्व निर्माण की बात होती है तो प्रश्न उठता है कि किस प्रकार का व्यक्तित्व? इस प्रश्न का समाधान है आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व। व्यक्तित्व निर्माण के इस अनुष्ठान में जिन वर्गों को सहभागी होना है, उनमें एक वर्ग है- स्नातक। एक विद्यार्थी स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर का अध्ययन करने में अपने जीवन के सत्रह-अठारह वर्ष लगा देता है।उस समय उसके अभिभावकों के मन में यह भाव नहीं पैदा होता कि उसके ये वर्ष व्यर्थ तो नहीं बीत रहे हैं। क्योंकि डिग्री के साथ जीविका का संबंध जोड़ा जाता है।जीविका जीवन की अनिवार्यता है।लेकिन जीविका से अधिक मूल्यवान जीवन है। जीविका जीवन का साध्य नहीं साधन है। जीवन का साध्य है- विकास की यात्रा में अग्रसर होना। बुद्धि व्यक्तित्व का महज एक घटक है। उसका दूसरा घटक है प्रज्ञा। प्रज्ञा के जागरण से बौद्धिक विकास के साथ भावनात्मक विकास का संतुलन रहता है। जब ये दोनों विकास समानांतर होते हैं, तब आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व का निर्माण हो सकता है। इस बात को स्वयं विद्यार्थी अनुभव करे या नहीं, अभिभावकों को ध्यान देने की अपेक्षा है।

बदलाव का प्रम निरंतर चलता है।जैन दर्शन इस प्रम को पर्याय-परिवर्तन के रूप में स्वीकार करता है। पर्याय का अर्थ है अवस्था।प्रत्येक वस्तु की अवस्था प्रतिक्षण बदलती है।यह जगत की स्वाभाविक प्रक्रिया है। कुछ अवस्थाओं को प्रयत्नपूर्वक भी बदला जाता है।स्वभाव से हो या प्रयोग से, बदलाव की प्रक्रिया को बदलना संभव नहीं है। वस्तु बदल सकती है तो व्यक्ति भी बदल सकता है।इस आस्थासूत्र का आलंबन लेकर ही व्यक्ति व्यक्तित्व-निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करता है। लक्ष्य निर्णीत होने के बाद उस दिशा में प्रस्थान करता है। आज का आदमी जेट युग की रफ्तार से चलता है। वह आकाश में सीढ़िया लगाने की बात सोचता है और समुद्र में सुरंग बनाने की कल्पना करता है।पर व्यक्ति-निर्माण का काम शॉर्टकट मेथड से पलक झपकते ही हो जाए, यह संभव नहीं है।

### आज का सुविचार

अवसर सूर्य उदय की तरह होते है यदि आप ज्यादा देर प्रतीक्षा करेंगे तो आप उन्हें गवा देंगे।

**अज्ञात**

बुद्धिमान व्यक्तियों को सलाह की आवश्यकता नहीं होती, मूर्ख लोग इसे स्वीकार नहीं करते है।

**बेंजामिन फैंकलिन**

# विश्व स्तनपान सप्ताह

**लेखक -डॉक्टर अरविन्द जैन**

स्तनपान को प्रोत्साहित करने और दुनिया भर के शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिए हर साल 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इसकी शुरूआत अगस्त 1990 में हुई थी। विश्व स्तनपान सप्ताह घोषित किए जाने का उद्देश्य स्तनपान को बढ़ावा देना था, जिससे शिशुओं को सही पोषण और उनका स्वास्थ्य बेहतर किया जा सके। इस मिशन में विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ और अन्य संगठन शामिल हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, स्तनपान माताओं और बच्चों, दोनो के लिए बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। स्तनपान को बढ़ावा देकर हर साल 8 लाख से अधिक जानें बचाई जा सकती है, इनमें ज्यादा संख्या 6 महीने से कम उम्र के बच्चों की है। स्तनपान कराने से माताओं को स्तन कैंसर, डिम्बग्रंथि के कैंसर, टाइप 2 डायबिटीज और हृदय रोगों के होने की संभावना कम हो जाती है। यह अनुमान लगाया गया है कि स्तनपान कराने से स्तन कैंसर के कारण हर साल होने वाली 20 हजार माताओं की जानें बचाई सकती है।


डब्ल्यूएचओ, जन्म के एक घंटे के भीतर बच्चे को 6 महीने का होने तक स्तनपान कराने की सलाह देता है। बच्चों को दो साल तक या उससे ज्यादा समय तक स्तनपान कराते रहना चाहिए साथ में पौष्टिक खाद्य पदार्थों को जोड़ा जाना चाहिए।

डब्ल्यूएचओ, की पूरी गाइडलाइन

चाइल्डबर्थ के बाद मां के लिए खुद का और नवजात बच्चे का ध्यान रखना सबसे कठिन काम होता है। इस दौरान मां को खुद की सेहत का ध्यान रखने के साथ-साथ शिशु की देखरेख करना होता है। इसको लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक नई गाइडलाइन जारी की है जिसमें प्रेगनेंसी के बाद और बच्चे के जन्म के बाद मां और बच्चे का ध्यान रखने और देखरेख से जुड़ी बातें बताई गयी हैं। एक आंकड़े के मुताबिक दुनियाभर में 10 में से 3 महिलाओं और बच्चों को जन्म के बाद सही शुरूआती देखभाल नहीं मिलती है। बच्चे को जन्म देने के बाद कई बार मां की स्थिति काफी गंभीर हो जाती है और इसका असर बच्चे पर भी देखने को मिलता है। महिलाओं को डिलीवरी के बाद और बच्चे को जन्म के बाद शुरूआती देखभाल सही ढंग से न मिलने की वजह से उनमें कई गंभीर बीमारियां और समस्याएं पनप सकती हैं। ऐसे में बच्चे और मां की सही पोस्टपार्टम देखभाल के लिए आप डब्ल्यूएचओ द्वारा बताई गयी इस गाइडलाइन का पालन कर सकते हैं।

डिलीवरी के बाद नवजात शिशु और मां की सही तरीके से देखभाल न होने की वजह से कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी एक आंकड़े के मुताबिक दुनियाभर की हर 10 में से 3 महिला इस समस्या से जूझ रही है। बच्चे को जन्म देने के बाद मां की गुणवत्तापूर्ण देखभाल न होने से उसका शरीर कमजोर हो सकता है और इसकी वजह से कई गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं। वहीं अगर बच्चे की सही तरीके से देखभाल नहीं होती है तो इसकी वजह से उसे भी स्वास्थ्य से जुड़ी कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ अंशु बनर्जी के एक बयान के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद मां को और अधिक गुणवत्तापूर्ण देखभाल की जरूरत होती है। इसके लिए आप विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी इस गाइडलाइन का ध्यान जरूर रखें।1. विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइडलाइन में कहा गया है कि बच्चे को जन्म देने के बाद मां को ब्रेस्टफीड कराने को लेकर काउंसलिंग जरूर करानी चाहिए। इससे मां को इस बात की सही जानकारी होगी कि बच्चे को सही तरीके से ब्रेस्टफीड कैसे कराना है। बच्चे के लिए जन्म के बाद मां का दूध बहुत जरूरी होता है और इसके लिए बच्चों को स्तनपान कैसे कराना है इसकी जानकारी जरूर होनी चाहिए। 2. बच्चे को जन्म देने के बाद कम से कम 24 घंटे के लिए मां और बच्चे की सही ढंग से देखभाल की जारी चाहिए।

## आज का राशिफल



राशिफल

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, द्वितीय श्रावण मासे, कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पश्चिमें तिथि प्रतिपदा, बुधवासरे, श्रवण नक्षत्रे, आद्रयोगे, वालवकरणे, मकर की चंद्रमा, पंचक प्रारंभ 23/25 से तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, उत्तम वृत्ति वाला, धनीमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, अधिकारी, उत्तम वृत्ति वाला व्यापारी होगा।

**मेष राशि** - समृद्धि एवं सफलता के योग बनेंगे, अनिष्टता से बचने की चेष्ठा बनेगी।

**वृष राशि** - कार्य में अशांति व अस्थिरता, मानसिक अवरोध बढ़े, असमंजस में रुकें।

**मिथुन राशि** - भाग्य का सितारा प्रबल हो तथा व्यवसायिक क्षमता अनुकूल बनी ही रहेगी।

**कर्क राशि** - लेन-देन के मामले में हानि होगी, कोर्ट के मामले स्थगित रखें, किसी के चंगुल में फंसने से बचें।

**सिंह राशि** - लेनदेन के मामले में हानि होगी, धन प्राप्ति में बाधा होगी, सतर्कता से कार्य करने पर लाभ होगा।

**कन्या राशि** - क्रोध व क्लेश से हानि संभव तनाव व बेचैनी तथा मानसिक परेशानी बनेगी।

**तुला राशि** - सोचे हुये कार्य पूर्ण होंगे, अधिकारियों से समर्थन प्राप्त होगा, विशेष कार्य बनें।

**वृश्चिक राशि** - अनावश्यक वाद-विवाद से बचें, अधिकारियों से समर्थन अवश्य प्राप्त होगा।

**धनु राशि** - बिगड़े हुये कार्य बनेंगे, अनावश्य विवाद से बचें, समय का ध्यान देवें।

**मकर राशि** - दैनिक समृद्धि के साधन जुटायें, तथा समय व धन व्यर्थ नष्ट न करें, ध्यान रखें।

**कुंभ राशि** - स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास, समय अनुकूल नहीं, लेन-देन से विचलित न होवें।

**मीन राशि** - आशानुकूल सफलता से संतोष होगा, कार्यगति में सुधार अवश्य होगा ध्यान दें।

## आज का कार्टून



## ट्रांसफार्मर खराब होने से 500 से ज्यादा घरों के लोग परेशान



जसवंतनगर(इटावा)। नगर के मोहल्ला सरावगी बाजार में स्थित ट्रांसफॉर्मर सोमवार को फुक गया, लोगो को बिना बिजली के रात गुजारनी पड़ी। भीषण उमस भरी गर्मी से लोग वेहाल रहे। मंगलवार सुबह इस वजह से लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। इन दिनों नगर में लोग विद्युत आपूर्ति की गड़बड़ियों से पहले से ही जूझ रहे हैं, सोमवार को 400 केवीए का ट्रांसफार्मर फटने से मोहल्ला जैन बाजार, सराउगी बाजार, कटरा बिल्लोचियान, पटी गली आदि के 400 से 500 से ज्यादा घरों के लोगो को खासी परेशानी हो गई है। विद्युत विभाग के खिलाफ काफी रोष व्याप्त। मंगलवार की सुबह लोगों को हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ा। मोहल्ले के अतुल जैन, संजय जैन, हेमचंद जैन, सुबोध गुप्ता, देवेश मिश्रा, लड्डन खा, आशीष जैन, नवीन कुमार, विमल जैन, अंकित, नईम, बसीम आदि लोगो ने बताया कि ट्रांसफार्मर फुकने से ठप्प हुई विद्युत मंगलवार को भी बहाल नहीं हुई। छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानी हो रही है। लोगों ने ट्रांसफार्मर को तुरंत ठीक कराएं की मांग की है। एसडीओ अशोक कुमार सिंह का कहना है मामला संज्ञान में है देर रात तक ट्रांसफार्मर को ठीक करा दिया जाएगा।

## उप जिलाधिकारी ने धनुवा में सार्वजनिक विरासत सत्यापन किया





जसवंतनगर (इटावा) ।जिलाधिकारी इटावा अवनीश राय द्वारा राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा प्रदेश के समस्त ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज कराये जाने हेतु विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश के क्रम में जनपद की प्रत्येक तहसील के दस प्रतिशत राजस्व ग्रामों को रैण्डमली चिन्हित करते हुये उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए थे। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी जसवंतनगर कौशल कुमार ने मंगलवार को ग्राम धनुआ में विरासत सत्यापन सार्वजनिक रूप से ग्रामवासियों के सम्मुख खतौनी पढ़ कर के किया गया। इस अवसर पर उनके साथ तहसीलदार प्रभात राय तथा क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद थे ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी ने सत्यापन कार्य काफी देर तक और लोगों के संतुष्ट होने तक जारी रखा। ग्राम का नाम, खतौनी में अंकित कुल खातों की संख्या,अभियान के दौरान पाये गये मृतक खातेदार,सहखातेदारों की संख्या, जिनमें आदेश पारित किया गया, संख्या जो विवादित पाई गईं एवं ऐसे मृतक खातेदार/ सहखातेदारों के नाम व गाटा संख्या, जिनकी विरासत दर्ज नहीं पाई गई का सत्यापन कर आख्या तैयार की। जो जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

## गाय पर दरांती से हमला बोले जाने पर महिला के विरुद्ध मुकदमा

जसवंतनगर(इटावा)। इलाके के ग्राम नगला नरिया में एक महिला द्वारा दरांती से पालतू गाय पर हमला करने और रोके जाने पर गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाने को लेकर थाना जसवंतनगर में घटना के 15 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया है कि घटना के संबंध में सुनील कुमार पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम नगला नरिया ने सोमवार को उपस्थित होकर महिला अभियुक्ता प्रतिभा यादव के विरुद्ध तहरीर दी है। घटना 19 जुलाई को शाम 7-00 बजे की बताई है। घटना में गाय के घायल होने की सूचना है अत: तहरीर के आधार पर धारा 3/11क पशु क्रूरता निवारण अधिनियम1960 व धारा 428/504 में प्रतिभा यादव पुत्री गिरीश चन्द्र निवासी ग्राम नगला नरिया थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया है।

## बहन के घर की कह कर गया सौगध नगर का युवक 2 दिनों से लापता

जसवंतनगर(इटावा)। घर से बहन के घर ग्राम %तुला का नगला% जाने की कहकर निकला सुगंधनगर गांव का एक युवक लापता हो गया। दूसरे दिन भी घर वापस नहीं लौटने पर पुलिस को तहरीर दी गई है। विवरण के अनुसार गांव सुगंधनगर के रहने वाले 35 वर्षीय नारायण सिंह पुत्र उजागर सिंह रविवार दोपहर को अपने घर से गांव तुला के नगला थाना नगला खंगर, भदान सिरसागंज में अपनी बहन के घर जाने की बात कह कर निकला था। युवक सोमवार दोपहर तक घर वापस नहीं लौटा। रिश्तेदारों समेत अन्य स्थानों पर तलाश करने पर कहीं भी पता नहीं चला, तो लापता युवक की पत्नी व रिश्तेदारों ने अनहोनी की आशंका से भयभीत होकर थाना पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही कर मदद की गुहार लगायी है। पुलिस ने तलाश शुरू की है।

## चाकू सहित गिरफ्तार

जसवंतनगर(इटावा) थाना पुलिस के उप निरीक्षक भगवान सिंह ने वांछित अपराधियों की तलाश दौरान भीखनपुरा गांव के समीप मुकेश कुमार पुत्र रामवीर सिंह निवासी उधनी थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद को एक अवैध सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गये आउटरीच प्रोग्राम

**इटावा! मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी ( महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क ) के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गये आउटरीच प्रोग्राम उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सुरक्षा/ सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में शक्ति दीदी( महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क ) के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों,कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा बालिकाओं/ छात्राओं एवं महिलाओं को उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर निम्न नंबरों या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया!**

# अपने गांव से मौसी के घर गए युवक को गोली लगी, हत्या या आत्महत्या?

### नौकरी पर नौकरी पर जाने की तैयारी थी

### देवी दर्शन कर रहे युवक को फोन से बुलाया गया था

### मोबाइल सर्विलांस से होगा घटना का राजफ़ास





जसवंतनगर (इटावा) सोमवार रात नगला रामसुंदर में एक 24 वर्षीय युवक की गोली लगने से हुई संदिग्ध मौत को लेकर युवक के परिवारीजन सीधा सीधा हत्या का आरोप लगा रहे हैं, जबकि पुलिस इस मामले को आत्महत्या से जोड़ रही है। मृतक अमन तोमर पुत्र गंभीर सिंह को रात 8 बजे के आसपास उस समय गोली लगी थी, जब वह अपनी मौसी के घर से अपने गांव कुड़ाखर लौट रहा था। मौसी के घर से निकलकर डेढ़ सौ मीटर आगे पहुंचा ही था कि गोली चलने की आवाज गूंजी और जब तक लोग मौके तक पहुंचते अमन खून से लथपथ हो था। उसकी कनपटी के पास से खून बह रहा था। बताया तो यहां तक गया है कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी मगर उसे घायल अवस्था में सैफई पीजीआई ले जाया गया था,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। अमन अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसकी नौकरी हैदराबाद लग गई थी ।एक अगस्त को वहां जाने की तैयारी के तहत उसने बैग आदि भी लगा लिए थे। नौकरी लगने और हैदराबाद जाने की खुशी में वह रात सात बजे के करीब कुड़ाखर गांव के केला गमा देवी मंदिर पूजा करने पहुंचा था,जहां और लोग भी बैठे हुए थे। इसी दौरान उसके पास कोई फोन आया और इस पर वह अपने घर गया, जहां से बाइक उठा सीधा नगला रामसुंदर के लिए रवाना हो गया। वहां वह अपनी मौसी के घर पहुंचा, जहां नाश्ता पानी करके कुछ देर बाद ही वहां से चल दिया और घटना घटित हो गई।

मृतक अमन के पिता मुंबई में है। उन्हें रात ही घटना की सूचना दे दी गई और वह मुंबई से अपने गांव कुडखर के लिए रवाना हो चुके हैं। कूड़ाखर में अमन की मौत को लेकर मातम पसरा है। उसके ताऊ महेश चंद्र ने साफ-साफ कहा है कि पुलिस की कहानी कि अमन ने आत्महत्या की है ,मामले को ठंडा करने की कोशिश है, जबकि अमन आत्महत्या आखिर क्यों करता? क्योंकि उसे नौकरी पर जाना था और यदि ऐसा कोई उसका इरादा होता तो वह नौकरी पर जाने की तैयारी न करता। अमन की कनपटी में 32 बोर के तमंचे की गोली लगी है और घटनास्थल पर ही तमंचा पड़ा मिला है। थाना प्रभारी बलरई का कहना है कि मामला आत्महत्या का ही है। मगर वह इस बारे में कोई पुख्ता सबूत नहीं दे पा रहे थे। दूसरी ओर अमन के परिजन किसी भी कीमत पर यह मानने को तैयार ही नहीं थे कि अमन आत्महत्या कर सकता है उन्होंने मामला सीधा-सीधा हत्या का बताया है और कहा है कि अमन सीधा साधा युवक था। वह तमंचा कारतूस कभी नहीं रखता था।

### घटना के पीछे प्रेम प्रसंग की चर्चा

अमन की संदिग्ध मौत के पीछे नगला रामसुंदर और कुड़ाखर गांव मैं कानो कान चर्चा है कि अमन का किसी नगला रामसुंदर गांव की लड़की से प्रेम संबंध था। इसी प्रेम प्रसंग के चलते ही उसको फोन आया और वह नगला रामसुंदर रवाना हो गया था। जो चर्चाएं हैं, उनमें एक चर्चा तो यह है कि इनके प्रेम प्रसंग से नाराज लोगों ने अमन की हत्या करने के लिए उसे नगला रामसुंदर बुलाया और मौत का शिकार बना दिया। दूसरी चर्चा यह भी है कि नौकरी पर जा रहे अमन को अपने प्रेम प्रसंग में आ रही बिछड़न बर्दाश्त नहीं हुई और दुखी होकर उसने स्वयं आत्महत्या करने का निर्णय लिया। तफ्तीश से यह स्पष्ट हो सकेगा कि अमन को किसके द्वारा फोन करके नगला रामसुंदर बुलाया गया था और इसी से इस घटना का राजफांस हो सकता है।

## अब गौशालाओं मे कमजोर गौवंसियो को अलग रखा जाएगा

**ऊसराहार, इटावा! अब गौशालाओं मे कमजोर गौवंसियो को अलग रखा जाएगा उनके लिए अलग नांदो मे चारा डाला जाएगा पिछले कुछ दिनो से कमजोर जानवरों को तगडे जानवरों द्वारा खदेड़ने और चारा न खाने देने के बाद उपजिलाधिकारी ने ताखा मे संचालित आठ गौशालाओं के पंचायत सचिवो को यह निदेश दिए हैं! ताखा मे संचालित आठ गौशालाओं मे गौवंसी की देखरेख सही से हो सके इसके लिए मंगलवार को उपजिलाधिकारी ताखा देवेन्द्र कुमार पांडेय ने खंड विकास अधिकारी ताखा राजकुमार शर्मा के साथ तहसील सभागार मे एक बैठक की बैठक मे सभी गौशालाओं के पंचायत सचिव व पशु चिकित्साधिकारी मौजूद रहे एसडीएम देवेन्द्र कुमार पांडेय कहा इस समय वारिश हो रही है और ताखा की मामन हिम्मतपुर एंव कुरखा की गौशाला काफी नीचे बनी हुई है निरीक्षण के दौरान देखा गया है दोनो गौशालाओं मे पानी भरने से कीचड मे जानवरों को रहना पड रहा है इस लिए दोनो गौशालाओं की जमीन का उच्चीक्रत कर दिया जाए उन्होंने खंड विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा को बहुत जल्द दोनो गौशालाओं की जमीन को ऊँचा करने के निर्देश दिए जिससे गौशाला मे पानी न भर सके उन्होंने कहा पिछले कुछ दिनो मे गौशालाओं जिन जानवरों की मौत हुई है उनमे कमजोर गौवंसी की संख्या ज्यादा है गौशाला मे जो जानवर कमजोर है वह तगडे गौवंसी के आगे नांदो मे चारा नही खा पाते हैं जब भी कमजोर जानवर नांदो मे चारा खाना जाता है जो मजबूत गौवंसी उसे खदेड़ देता है और उसे भूखा रहना पडता है इसलिए कमजोर गौवंसी और कमजोर होता जाता है इसलिए अब सभी गौशालाओं मे कमजोर जानवरों के लिए अलग नांदो मे चारा डाला जाए उनके लिए खूटे भी अलग लगाए जाए उन्होंने कहा सभी गौशालाओं मे हरा चारा जानवरों को दिया जाए इसके लिए गौचरा की जमीन का उपयोग किया जाए उन्होंने कहा ताखा के लोग जानवरों को गोद लेने से बचते हैं जबकि भरथना के लोग ताखा से 10 गौवंसी गोद ले चुके हैं जिन गौवंसी को गोद लिया जा रहा है उन्हे शासन से मिलने वाली धनराशि भी दी जा रही है एसडीएम ने सरावा मे संचालित गौशाला की तारीफ करते हुए कहा इस गांव मे गौशाला मे रहने वाले जानवरों के लिए वहा के पूर्व ग्राम प्रधान ने अपनी जमीन हरा चारा करने के लिए दी है गौशाला मे तैनात केयर टेकर भी जानवरों को गौशाला से बाहर प्रतिदिन चराने ले जाता है एसडीएम ने बीडीओ से कहा गौशालाओं मे जो केयर टेकर तैनात है उनके मानदेय का समय पर भुगतान किया जाए!**

## पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ



भरथना, इटावा! उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् लखनऊ द्वारा भरथना के मुहल्ला गाँधी नगर स्थित एस0जी0डी0 पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया गया। जिसके चलते नगर व क्षेत्र के इच्छुक महिला-पुरूष अभ्यर्थी उक्त प्रशिक्षण में अपना पंजीकरण करवाकर नि:शुल्क योग प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भाषा विभाग के अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव के आदेशानुसार मंगलवार की सुबह केन्द्राध्यक्ष/प्रबन्धक राजेश गुप्ता ने योग प्रशिक्षक अमित मिश्रा व प्रधानाचार्या कृष्णा कुमारी के साथ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती व भारत माता के चित्र पर तिलक वन्दन, पुष्पांजलि व दीप प्रज्जवलित करके किया। उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए योग प्रशिक्षक अमित मिश्रा ने कहा कि आज समाज का प्रत्येक व्यक्ति वातावरण में फैले विषैलेपन का शिकार है। जिससे हमारे शरीर में तरह-तरह की बीमारियां जन्म ले रही हैं। इन बीमारियों पर विराम लगाने व इनसे बचाव के लिए हमारे लिए योग विशेष महत्वपूर्ण हैं। अपने व्यस्ततम जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को प्रात: कम से कम 1 घण्टा योग के लिए अवश्य निकालना चाहिये। श्री मिश्रा ने बताया कि उक्त नि:शुल्क योग प्रशिक्षण की कक्षायें नियमित प्रात: 06:30 बजे से 8 बजे तक संचालित होगीं। इस मौके पर प्रदीप मिश्रा, सत्य नारायण दीक्षित, पंकज त्रिपाठी, यश चौहान, श्रेया, रूचि शाक्य, दीपक गुप्ता, श्याम, गोपाल, अरूण, गौरव कुमार आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# त्योहारों को देखते हुए धारा-144 जिले में लगाई गई

इटावा! अपर जिला मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत निर्गत शासनादेशों में दिये गये निर्देशों के क्रम में एवं दिनांक 15 अगस्त, 2023 को स्वतंत्रता दिवस, दिनांक 29 अगस्त, 2023 को राष्ट्रीय खेल दिवस, दिनांक 31 अगस्त, 2023 को रक्षाबन्धन व श्रावण मास में शिवमन्दिरों पर आने वाले श्रृद्धालुओं एवं माह अगस्त, 2023 में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में असामाजिक व्यक्तियों/तत्वों द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग करने के विषय मे गोपनीय सूचना के आधार पर समाधान हो गया है कि कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा किसी सम्भावित अप्रिय घटना को रोकने के लिए निरोधात्मक कदम उठाया जाना आवश्यक है। चूंकि समय कम है अत: ऐसी स्थिति में आदेश का तामीला संबंधित व्यक्तियों पर व्यक्तिगत रूप से किया जाना सम्भव नहीं है। इसको दृष्टिगत रखते हुए एक पक्षीय रूप से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अर्न्तगत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू की जाती है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि कोई भी व्यक्ति कोई भी व्यक्ति इलेक्ट्रानिक संचार माध्यम अथवा सोशल मीडिया यथा फेसबुक, टियूटर, वाटसएप के माध्यम से किसी भी खबर अथवा सूचना को सृर्जित अथवा विस्तारित नहीं करेगा और न ही करवायेगा तथा किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियें के वर्ग अथवा समूह में घृणा, द्वेष अथवा भड़काने वाली भावनाओ का संचार होना संभव हो। कोई भी व्यक्ति आग्नेयास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, लाठी ,डण्डा,चाकू अथवा कोई तेजधार वाला शस्त्र (जिसका फन ढाई इंच से अधिक हो), पटाखे, बम और अन्य किसी प्रकार का बारूद अथवा बिना बारूद वाला जिसका प्रयोग हिंसा के लिये किया जा सके, लेकर विचरण नहीं करेगा। उक्त अवधि में सम्पूर्ण जनपद में जो दुकाने खुलेंगी उनके दुकानदारों को फेसकवर/मास्क/ग्लब्स का इस्तेमाल करना होगा एवं दुकान में सेनेटाइज की व्यवस्था करनी होगी जिससे कि आने वाले समस्त व्यक्तियों को संक्रमण से बचाया जा सके। यदि कोई खरीददार मास्क नहीं पहने है तो उसे सामान की बिक्री नहीं की जायेगी। सार्वजनिक स्थानों पर प्रत्येक व्यक्ति फेसकवर/मास्क का अनिवार्य रूप से प्रयोग करेंगे एवं सोशल डिस्टेसिंग का कड़ाई से अनुपालन किया जायेगा।

जनपद में माह अगस्त, 2023 में होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र से 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंन्त्रों का प्रयोग नहीं करेगा और परीक्षा केन्द्र के आसपास 200 मीटर की परिधि में अनाधिकृत रूप से एकत्र नहीं होगें। परीक्षा केन्द्र के आस-पास 01 कि0मी0 की परिधि में फोटो स्टेट मशीनों की दुकाने परीक्षा अवधि में पूर्णत: बन्द रहेंगी, परीक्षा केन्द्र के अन्दर मोबाइल फोन अथवा ऐसे इलेक्ट्रानिक संयंत्र जिससे अनुचित साधन प्रयोग की आशंका हो परीक्षार्थी अपने साथ नहीं ले जा सकेगा।

कोविड-19 के संबंध में त्रुटिपूर्ण/भ्रामक सूचना/चेतावनी फैलाकर भयावह स्थिति उत्पन्न करने वाले तथा लॉकडाउन के दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध डिजास्टर मैनेजमेन्ट एक्ट-2005 की धारा-51 से 60 में दिये प्राविधानो के अर्न्तगत कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त कोरोना वायरस (कोविड-19) की रोकथाम एवं बचाव के दृष्टिगत निर्गत आदेशों का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा -188 के अर्न्तगत दण्डनीय अपराध होगा। यह आदेश सम्पूर्ण जनपद में 31.08.2023 तक लागू रहेगा यदि इससे पूर्व अपास्त न कर दिया जाये।

## व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने वन वे व्यवस्था की मांग उठाई

इटावा! उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा नें जिला प्रशासन से शाम को वन वे व्यवस्था हेतु नो इंट्री टाइम को 8 बजे से बढ़ा कर 9 बजे करनें की मांग की है। उन्होंने बताया कि आठ बजे नो इंट्री खुल जानें से शहर के प्रमुख चौराहों नौरंगाबाद, साबित गंज, रामगंज, भरथना चौराहे सहित पुरबिया टोला में बहुत भंयकर जाम लग जाता है। यही समय बाजार बंदी का भी होता है, जिस कारण व्यापारियों को दुकान बन्द कर घर जानें में घंटों जाम से जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसके बदले प्रशासन चाहे तो सुबह वनवे व्यवस्था शुरू करनें का समय एक घंटे बढ़ा दे। मांग करनें वालो में शहर महामंत्री अवनीश वर्मा, कोषाध्यक्ष गौस मुहम्मद, उपाध्यक्ष आशीष भदौरिया, लाइन पार अध्यक्ष योगेश पांडे, धर्मेंद्र सिंह चौहान, नीरज गुप्ता, धर्मेंद्र यादव, देव गुप्ता आदि व्यापारी नेता प्रमुख हैं।

## नगर पालिका में अनोखा नजारा सभासद व जनता परेशान

इटावा! नगर पालिका में सभासदों ने बोला हल्ला, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को दिया ज्ञापन! चुनाव के बाद वार्डो में नहीं हुआ कोई विकास, जनता की समस्याओं का नहीं हो पा रहा निस्तारण! भासद शरद बाजपाई ने बताया कि आज तक के कार्यकाल में कभी ऐसा नहीं हुआ की आज कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिल रहा, लाइटों के कार्ड नहीं बने,सड़के जगह जगह खुदी पड़ी है, उनको बनाने का भी कोई विचार नहीं। पिछली बोर्ड बैठक में बताया गया था कि 4- 4 वाटर कूलर दिए जाएंगे, परंतु गर्मी खत्म होने को आई वह भी नहीं मिले। नगरपालिका की जिम्मेदारी से क्यों पीछे हट रहे जिम्मेदार क्या है वजह सभासदों ने बताया कि नगरपालिका में कभी चेयरमैन नहीं मिलते तो कभी अधिशासी अधिकारी नहीं मिलते कभी अधिशासी अधिकारी मिलते तो कभी चेयरमैन नहीं यह कब तक चलता रहेगा ऐसा नगरपालिका में कभी नहीं हुआ।

## बकेवर क्षेत्र में पुलिस ने 61 सीसीटीवी कैमरे लगे

**लखना, इटावा! अपराध रोकने एवं आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के दृष्टिगत थाना बकेवर की अहेरीपुर, महेवा,लुधियानी कस्बा बकेवर सहित अन्य स्थानों पर 61 सीसी कैमरे लगाये गये इसी के तहत पुलिस चौकी लखना के अन्तर्गत 15 संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में सीओ भर्थना विवेक जावला के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बकेवर रणवहादुर सिंह व लखना चौकी इंचार्ज राजकुमार सिंह द्वारा कस्बा के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थानों बाईपास तिराहा,चकरनगर रोड,नहर पटरी,स्टेट बैंक सैन्ट्रल बैंक के आसपास,सर्राफा बाजार,कालिका मंदिर,रेन्ज कोठी,नया नहर पुल पार,पुराना नहर पुल पार,झाल पुल के पास 15 कैमरे लगवाये गये। वही इसी तरह कस्बा बकेवर में इटावा,औरैया, व भर्थना रोड स्थित बकेवर चौराहा,ओबरब्रिज व अन्य स्थानों सहित पेडों पर भी सीसी टीवी कैमरे लगाये गये। समूचे थाना बकेवर क्षेत्र में हर कस्बा व चौकी क्षेत्र महेवा,अहेरीपुर, सहित अन्य गोपनीय स्थानों पर 61 कैमरे प्रभारी निरीक्षक रणवहादुर सिंह की देखरेख में लगाये गये। अब लूट मारपीट,छिनैती व अश्लील हरकतों जैसी घटनाओं व सड़क दुर्घटना पर पुलिस को इन कैमरे से अपराधी तक पहुंचने में आराम मिल सकेगा। इसके अलावा अभी और कैमरे लगाये जा रहे हैं। किसी भी तरह सड़कों पर होने बाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की इस पहल की लोगों के द्वारा सराहना की जा रही है।**

## शिक्षा की गुणवत्ता मे सुधार लाए

ऊसराहार, इटावा! निपुण भारत का लक्ष्य पाने के लिए सभी स्कूलो के शिक्षक शिक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता मे सुधार लाए लक्ष्य पाने के लिए स्कूल मे पढने वाले एक एक छात्र को आदर्श शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा यह बात उप जिलाधिकारी ताखा देवेन्द्र कुमार पांडेय ने निपुण भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आयोजित बैठक में कही निपुण भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक तहसील सभागार में आहूत की गई ।बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार पांडे ने की ।निपुण भारत मिशन के प्रभावी अनुश्रवण हेतु उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया ।मिशन प्रेरणा फेज 2 निपुण भारत मिशन का विजन एवं उद्देश घटक आदि से संबंधित क्रियाकलापों एवं इनसे संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की गई ।ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स में खंड विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार ,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ,सहायक खंड विकास अधिकारी ,पूर्ति निरीक्षक अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी को शामिल किया गया ।बैठक में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा, विकासखंड स्तरीय टास्क फोर्स के द्वारा किए गए निरीक्षण की समीक्षा,,ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के 19 पैरामीटर्स के संतृप्ति करण की समीक्षा, सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत आउट ऑफ स्कूल बच्चों का पहचान,नामांकन एवं डीबीटी योजना की समीक्षा ,समावेशी शिक्षा के अंतर्गत समर्थ पोर्टल के अनुसार दिव्यांग छात्र छात्राओं का चिन्हीकरण नामांकन आज की समीक्षा की गई ।बैठक में बीईओ बीरेंद्र सिंह पटेल, एआरपी बीरेंद्र कमल,शैलेंद्र यादव,अनिल दुबे समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

## इमाम हुसैन व शहीदाने कर्बला के तीजे पर हुईं मजलिसें

इटावा। इमाम हुसैन व शहीदाने कर्बला के तीजे पर राहत अक़ील के शरीफ मंजिल सैदबाड़ा स्थित इमामबाड़े में अतीक अहमद की ओर से मजलिस का आयोजन किया गया। शरीफ मंजिल सैदबाड़ा में आयोजित मजलिस में तकरीर करते हुए मौलान अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा कुरान में अल्लाह कह रहा है कि हम तुम्हे आजमाएंगे, जो सब्र करने वाले हैं वह कामयाब हैं। यह दुनिया इम्तिहान के लिए है। मासूम फरमाते हैं इंसान का वजूद मिट्टी से है और एक दिन मिट्टी में मिल जाना है।

## शोहदे हो छेड़छाड़ करना पड़ा महंगा, पुलिस ने किया गिरफ्तार*



**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** *मैनपुरी का 23 जुलाई जनपद केकुरावली/* युवक को महिला से छेड़छाड़ पढ़ी महंगी, पुलिस ने मौके पर पहुच युवक को किया गिरफ्तार। जनपद मैंनपुरी के थाना कुरावली क्षेत्र घिरोर तिराहे पर राजेश पुत्र राधेश्याम निवासी मौहल्ला कोऑटोला, थाना कुरावली तिराहे से निकल रही महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। घटना स्थल के पास से निकल रही कुरावली गस्त की जीप को कुछ गड़बड़ लगी, मौके पर पहुच जब जाच की गई तो पता चला कि एक शोहदा वहा से गुज़र रही महिलाओं पर फब्तिया कस रहा था। मामले की जांच की गई तो महिला ने बताया कि महिला को छेड़ते हुए बोल रहा था कि 卐तेरा ध्यान किधर है तेरा हीरो इधर है卐। शोहदे को कुरवाली पुलिस गिरफ्तार कर थाने ले आई और लिखा पढ़ी करते हुए छेड़छाड़ में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया।

## करहल चौराहे के पास एक्सिस बैंक की शाखा का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ



जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी मैनपुरी। 1 अगस्त जनपद के सोमवार करहल चौराहा स्थित एक्सिस बैंक की शाखा करहल क्रासिंग का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मैनपुरी अविनाश कृष्ण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कलस्टर हैड नितिन मन चंदा ने भाग लिया, जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर ब्रांच का शुभारंभ किया, वहीं कलस्टर हैड नितिन मन चंदा ने बैंक परिसर में लगे एटीएम का फीता काटकर शुभारंभ किया। ब्रांच मैनेजर प्रशांत भदौरिया ने मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मैनपुरी अविनाश कृष्ण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कलस्टर हैड नितिन मन चंदा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ब्रांच मैनेजर प्रशांत भदौरिया, ब्रांच सेल्स मैनेजर शशांक लवी, कार लोन डिपार्टमेंट से फराज नकवी, ऑपरेशन हैड समीर खान, कैशियर शिव पांडे, बसंत कुमार आदि समेत बैंक का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## निर्माणाधीन एडीबीएस मैमोरियल हॉस्पिटल में हुआ वृक्षारोपण।



**जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव यादव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 1 अगस्त जनपद केके कस्बा औंछा में जसराना रोड़ पर निर्माणाधीन एडीबीएस मैमोरियल हॉस्पिटल पर फलदार व छायादार वृक्षो के पौधे लगाये गये जिसमें नीम, जामुन,चीकू,आम,कटहल,पाम,मोहगनी आदि के पौधे थे।वृक्षारोपण के मौके पर भूतपूर्व प्रधान सुरेन्द्र देव,पूर्व राजस्व निरीक्षक कश्मीर सिंह, लेखपाल महेश यादव,राजेन्द्र कठेरिया,केशव यादव,किशनपाल,बंटी, महेंद्र,चमन यादव आदि मौजूद थे।

## कानून व्यवस्था सुधार के लिए मैनपुरी में 4 थानाध्यक्षों के तबादले पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मैनपुरी

जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी आपको बताते चलें कि कानून व्यवस्था सुधार के लिए मैनपुरी पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने किए तबादले भोलू सिंह भाटी बने इंस्पेक्टर थाना घिरोर अजीत सिंह को भोगांव थाने की जिम्मेदारी राजेश कुमार को बनाया गया थानाध्यक्ष औंछा उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह को थानाध्यक्ष दन्नाहार की जिम्मेदारी दी गई है

## युवक ने फांसी लगाकर जान दी

लखना, इटावा! लवेदी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बहादुरपुर घार में एक 25 वर्षीय युवक ने घर की दूसरी मंजिल कमरे में गले में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम भरकर जिला मुख्यालय भेजा। इस सम्बंध में बताया जाता है। कि रिटायर पोस्टमैन परशुराम दोहरे का 25 वर्षीय अविवाहित शिवम दोहरे ने बीती रात अपने घर की दूसरी मंजिल पर कमरे में जाकर कुंडे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की। जब सुबह परिजन ऊपर गये तो देखा कि शिवम फांसी पर लटके मिले। तो इसकी सूचना थाना लवेदी पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फारेन्सिक टीम को बुलाकर नमूना लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नामजदों ने छप्पर में आग लगा दी

बकेवर, इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम बिझावली के पास नल कूप पर सो रहे एक किसान के बंगले मे तीन नामजद लोगो ने छप्पर पर पेट्रोल छिडकर आग लगा दी छप्पर मे रखा करीब 50हजार रूपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम कधेशी घार निवासी मान सिंह पुत्र चतुर सिंह ने थाने मे दिये शिकायती पत्र मे बताया है कि वह ग्राम विझावली के पास पहुँचा कि तभी गाँव के ही तीन नामजद लोग शराब के नशे मे मिले और शराब पीने के लिये पैसे माँगने लगे जब मान सिंह ने शराब के लिये पैसे देने से मना किया तो नामजद आरोपित लोगो ने एक राय होकर लात घूसो से जमकर धुनाई कर दी जब किसान उसी रात अपने नलकूप के छप्पर मे सो रहा था तो तीन नामजद आरोपित लोगो ने पेट्रोल छिडकर छप्पर मे आग लगा दी जिससे छप्पर मे रखा नलकूप का सामान जलकर राख हो गया नलकूप के छप्पर मे लगी आग बुझाने के प्रयास मे नलकूप पर सो रहे किसान मान सिंह झुलस गया।आग मे जले सामान की कीमत करीब 50हजार रूपये बतायी जाती है। जब इस सम्बन्ध मे प्रभारी निरीक्षक गणेश शंकर से बात की तो उन्होंने बताया कि मार पीट और आग जनी की घटना का प्रार्थना पत्र मिला है।

# ग्राम इकहरा रोड किनारे खड़ी एनफील्ड बुलेट संभालते समय तीन नवयुवकों को ट्रक ने मारी टक्कर घटनास्थल पर दर्दनाक हुई मौत

**जिला ब्यूरो चीफ**
**राजवीर सिंह यादव**
**माधव संदेश मैनपुरी**



मैनपुरी 1 अगस्त जनपद के थाना बरनाहल क्षेत्र के ग्राम इकहरा पर रोड किनारे खरीद कर रॉयल इनफील्ड बुलेट को तीन युवक खराब होने पर संभाल रहे थे तभी कस्बा बरनाहल की तरफ से एक ट्रक नंबर यूपी 83 बी टी 3297 तीव्र गति से लापरवाही से चलाता हुआ आ रहा था उसने खड़े बाइक सवारों को जबरदस्त टक्कर मारी जिससे तीनों नवयुवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा ट्रक चालक ने ब्रेक लिए तो ट्रक पलट गया यह ट्रक चालक घटना को अंजाम देकर मौके से फरार होने में सफल रहा ट्रक में मक्का के पैकेट लादकर बेचने के लिए ले जा रहा था तथा एनफील्ड बुलेट सवार दिहली की तरफ से कस्बा बरनाहल आ रहे थ तभी अचानक ग्राम इकहरा पर आते हैं मोटरसाइकिल खराब हो गई जिसको मोहम्मद आमिरपुत्र शकील खान ठीक कर रहा था नवयुवक मोहम्मद हसशखराब मोटरसाइकिल को ठीक कर रहा था तथा उसके दोनों साथी पास ही खड़े हुए थे बुलेट नंबर यूपी 83 ए एस 4713 को ठीक करते समय यह हादसा हुआ यह सूचना जैसे ही थाना प्रभारी बरनाहल सुखबीर सिंह को मिली तो पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए तथा मोका मुआयना किया तथा ट्रक में पहियों में फंसे युवकों को बाहर निकाला जिसमें तीनों नवयुवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो चुकी थी तथा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद दिखाई दे रहे थे थाना पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर मृतकों के शवों को कब्जे में लिया मृतक नंबर 1 मोहम्मद कैफ आयु 19 वर्ष पुत्र मोहम्मद हसन ग्राम दिहुली थाना बरनाहल जनपद मैनपुरी का रहने वाला है तथा जो मृतक साथी उसका बुआ केलड़के हैं नाम मोहम्मद सैफ आयु 19 वर्ष पुत्र असलम निवासी मोहम्मद गंज थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद तथा आमिर आयु 20 वर्ष मोहल्ला जाटवपुरी जनपद फिरोजाबाद का रहने वाला है एक्सीडेंट में बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई मोहम्मद कैफ के पिता मोहम्मद हसन पुत्र फारुख खान निवासी दिहुली थाना बरनाहल जनपद मैनपुरीने था एक तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करें थाना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कार विभिन्न धाराओं में किया मुकदमा अपराध धाराएं 279 304 ए 427 के अंतर्गत मुकद्दमा पंजीकृत किया गया है तथा मृतकों के शवों को कानूनी कार्रवाई कर विच्छेदन हेतु पोस्टमार्टम हाउस मैनपुरी भेज दिया गया है शवो कॉ पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक के परिजनों को सौंप दिया जाएगा इस दर्दनाक घटनाओं की खबर जैसहीदिहुली वासियों को सूचना मिली पाकर घटनास्थल पर आ पहुंचे पूरा गांव मै मातम छा गया परिवार में कोहराम मचा हुआ है

## ग्राम इकहरा रोड किनारे खड़ी एनफील्ड बुलेट संभालते समय तीन नवयुवकों को ट्रक ने मारी टक्क र घटनास्थल पर दर्दनाक हुई मौत

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 1 अगस्त जनपद के थाना बरनाहल क्षेत्र के ग्राम इकहरा पर रोड किनारे खरीद कर रॉयल इनफील्ड बुलेट को तीन युवक खराब होने पर संभाल रहे थे तभी कस्बा बरनाहल की तरफ से एक ट्रक नंबर यूपी 83 बी टी 3297 तीव्र गति से लापरवाही से चलाता हुआ आ रहा था उसने खड़े बाइक सवारों को जबरदस्त टक्कर मारी जिससे तीनों नवयुवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा ट्रक चालक ने ब्रेक लिए तो ट्रक पलट गया यह ट्रक चालक घटना को अंजाम देकर मौके से फरार होने में सफल रहा ट्रक में मक्का के पैकेट लादकर बेचने के लिए ले जा रहा था तथा एनफील्ड बुलेट सवार दिहली की तरफ से कस्बा बरनाहल आ रहे थ तभी अचानक ग्राम इकहरा पर आते हैं मोटरसाइकिल खराब हो गई जिसको मोहम्मद आमिरपुत्र शकील खान ठीक कर रहा था नवयुवक मोहम्मद हसशखराब मोटरसाइकिल को ठीक कर रहा था तथा उसके दोनों साथी पास ही खड़े हुए थे बुलेट नंबर यूपी 83 ए एस 4713 को ठीक करते समय यह हादसा हुआ यह सूचना जैसे ही थाना प्रभारी बरनाहल सुखबीर सिंह को मिली तो पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए तथा मोका मुआयना किया तथा ट्रक में पहियों में फंसे युवकों को बाहर निकाला जिसमें तीनों नवयुवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो चुकी थी तथा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद दिखाई दे रहे थे थाना पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर मृतकों के शवों को कब्जे में लिया मृतक नंबर 1 मोहम्मद कैफ आयु 19 वर्ष पुत्र मोहम्मद हसन ग्राम दिहुली थाना बरनाहल जनपद मैनपुरी का रहने वाला है तथा जो मृतक साथी उसका बुआ केलड़के हैं नाम मोहम्मद सैफ आयु 19 वर्ष पुत्र असलम निवासी मोहम्मद गंज थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद तथा आमिर आयु 20 वर्ष मोहल्ला जाटवपुरी जनपद फिरोजाबाद का रहने वाला है एक्सीडेंट में बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई मोहम्मद कैफ के पिता मोहम्मद हसन पुत्र फारुख खान निवासी दिहुली थाना बरनाहल जनपद मैनपुरीने था एक तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करें थाना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कार विभिन्न धाराओं में किया मुकदमा अपराध धाराएं 279 304 ए 427 के अंतर्गत मुकद्दमा पंजीकृत किया गया है तथा मृतकों के शवों को कानूनी कार्रवाई कर विच्छेदन हेतु पोस्टमार्टम हाउस मैनपुरी भेज दिया गया है शवो कॉ पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक के परिजनों को सौंप दिया जाएगा इस दर्दनाक घटनाओं की खबर जैसहीदिहुली वासियों को सूचना मिली पाकर घटनास्थल पर आ पहुंचे पूरा गांव मै मातम छा गया परिवार में कोहराम मचा हुआ है

# कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ



ऊसराहार, इटावा! समथर मे डायरेक्टर पद के लिए कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ पुंजा से इंद्रपाल सिंह चुनाव जीते रौरा से रीना देवी ने बाजी मारी ताखा के समथर मे डायरेक्टर पद के लिए सोमवार को कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव संपन्न हुआ नौ पदो के लिए सात डायरेक्टर पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे समथर के संतोषपुर पचार मे हुए चुनाव मे पुंजा एंव रौरा से दो दो प्रत्याशियों के बीच चुनाव हुआ रौरा से रीना देवी चुनाव जीती है जबकि पुंजा से इंद्रपाल ने जीत हासिल की है बता दे यंहा पहले हुए चुनाव मे मतदाता सूची मे गडबडी के चलते चुनाव निरस्त कर दिया गया था इसलिए इसबार कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव संपन्न कराया गया उपजिलाधिकारी ताखा देवेन्द्र कुमार पांडेय एंव खंड विकास अधिकारी ताखा राजकुमार शर्मा लगातार संतोषपुर मे निरीक्षण करते रहे और पल पल की अपडेट लेते रहे निर्वाचन अधिकारी विवेक कुमार तिवारी ने बताया सात डायरेक्टर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं दो पदो के लिए चुनाव हुआ है अध्यक्ष पद के लिए आज मंगलवार को चुनाव होगा!

# घिरोर से जसराना मार्ग पर गड्डे बने राहगीरों के लिये आफत किसी दिन हो सकती है बड़ी घटना

**जिला ब्यूरो चीफ**
**राजवीर सिंह यादव**
**माता संदेश मैनपुरी**

### कई राहगीरों हो चुके है चोटिल,भारी वाहन आकर फ़स जाते है इन गड्डो मे लगता है जाम




मैनपुरी 1 अगस्त जनपद केघिरोर से जसराना मार्ग पर बने गड्डे राहगीरों के लिये आफत

स्कूल जाने बाले बच्चे अक्सर होते है चोटिल

प्राप्त जानकारी के अनुसार क़स्बा घिरोर से जसराना मार्ग पर ग्राम नगला भूड़ व ग्राम बमरौली के समीप बडे बडे गड्डे हो गये है गड्डे पहले से है लेकिन वारिस के कारण औऱ भी गहरे तथा बडे हो गये है जिसके कारण उनमे पानी भरा रहता है आये दिन मोटरसाईकिल सवार गड्डो मे गिरकर घायल हो जाते है चार पहिया वाहन आमने सामने आने पर निकलना मुश्किल हो जाता है यहां से ही बालू के बडे बडे डंफर जसराना होते हुए एटा जाते है इन वाहनों की बजह से साईकिल व मोटरसाईकिल सवार लोगो का निकलना मुश्किल हो जाता है तथा रपट कर गड्डो मे गिर जाते है जिसकी कोई सुनवाई नहीं होती है इसी रोड पर दो किलोमीटर पर बाबा एंट्रेनेशनल स्कूल है जो की बड़ा स्कूल होने के कारण काफ़ी बच्चे आते है कई बच्चे साईकिल से स्कूल जाते है साईकिल सवार बच्चे अक्सर गिर जाते है तथा उनकी कितावे ड्रेस वगैरह खराब हो जाती है बडे बडे डंफर टोल बचाने के लिये बालू ले कर इस रोड से गुजरते है क्यों की इटावा से घिरोर होते हुए यह वाहन जसराना होते हुए एटा निकलते है जिससे इन पर टोल नहीं लगता है सड़क की हालत इतनी खराव है की लोगो का निकलना मुश्किल है लोगो ने जिलाधिकारी से मांग की है की तत्काल कार्यवाही कर सड़क को गड्डे मुक्त कराया जाये, गड्डो को भरवाया जाये इस मोके पर राय सिंह, गोविन्द कुमार, शिवानी शाक्य, कृष्णा रघुवंशी, राजेश कुमार, राजेंद्र सिंह, अमन कुमार,बबलू, अखलेश कुमार, विजय सिंह,रामकिशन, अवनीश कुमार, सहित काफ़ी लोगो मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरों को लगी गोली -एसएसपी संजय वर्मा ने पुलिस टीम को बीस हजार रुपये इनाम दिये



इटावा! सिविल लाइन थाना से करीब 500 मीटर की दूरी पर शिवा कालोनी में सेवानिवृत्त शिक्षिका आशाश्री गौर की चेन छीनकर भागे बाइक सवार दो लुटेरों को सोमवार देर रात बसरेहर थाना क्षेत्र में कल्ला बाग के पास गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मुठभेड़ में दोनों के पैर में गोली लगी। उनके पास से लूट की चेन के अलावा चोरी की बाइक और दो तमंचे, नौ ज़िंदा व दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं।

सोमवार की सुबह चेन स्नेचिंग की घटना के बाद एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए जनपद के सभी थानों को अलर्ट कर क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस की टीमों को गठित किया था। इसी क्रम में बसरेहर थाना क्षेत्र में कल्ला बाग के समीप देर रात पुलिस चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में संजय कठेरिया पुत्र मान सिंह व विकास राजपूत पुत्र सर्वेश निवासीगण कैलामऊ, थाना बसरेहर को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के पैर में गोली लगने से उनको जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। चेन स्नेचिंग के बाद उनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज से की गई थी।

एसएसपी ने बताया कि चेन स्नेचिंग की रिपोर्ट पीड़िता के पुत्र विवेक कुमार सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह गौर ने दर्ज कराई थी। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया था, जिसके बाद महज 24 घंटे के भीतर ही दोनों लुटेरे पकड़ लिए गए। दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट व अन्य घटनाओं को अंजाम देना कबूल किया है। मुठभेड़ के दौरान सौरभ शाक्य पुत्र अशोक कुमार निवासी कैलामऊ अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयासरत है। 20 हजार का मिला पुरस्कार मुठभेड़ में दोनों लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता क्राइम ब्रांच प्रभारी समित चौधरी और बसरेहर थानाध्यक्ष बेचन कुमार सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस टीम द्वारा प्राप्त की गई। संयुक्त टीम को एसएसपी ने 20 हजार रुपये से पुरस्कृत किया है।

# भारत विकास परिषद द्वारा बाल संस्कार शिविर का आयोजन



इटावा! भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के द्वारा बाल संस्कार शिविर का आयोजन संत नामदेव जूनियर हाई स्कूल धर्म नगर, इटावा में किया गया द्य कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष व प्रांतीय समूह गान प्रभारी श्रीमती इंदु कुलश्रेष्ठ द्वारा भारत माता व विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया सभी लोगों ने वंदे मातरम का गायन कर दीप प्रज्वलन किया द्य कार्यक्रम का संचालन करते हुए वर्षा दुबे ने परिषद का संक्षिप्त परिचय देखकर बताया कि परिषद बच्चों में सेवाभाव व संस्कार प्रदान करने का काम करती है द्य बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ श्लोक व कविता का पाठ किया ने सांस्कृति संबंधी प्रश्नों का उत्तर भी बड़े उत्साह से दिया महिला संयोजिका रीना राठौर ने स्कूल के प्राचार्य दिनेश श्रीवास्तव का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलजा पाठक शशि प्रभा तिवारी पूनम तिवारी आदि ने सहयोग किया

## सहकारिता के चुनाव में भाजपा का परचम, सपा का सूपड़ा साफ



चकरनगर, इटावा! एक समय सपा का गढ़ रहे चकरनगर क्षेत्र में सहकारिता समिति के चुनाव में सपा का सूपड़ा साफ हो गया। क्षेत्र की दो समितियों पर सभापति व उपसभापति पद पर भाजपा ने अपने प्रत्याशियों को जिता कर कब्जा कर लिया। गौहानी की सहकारी समिति पर भाजपा समर्पित प्रत्यासी कृष्णा देवी पत्नी जगवीर सिंह को सभापति पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चकरनगर समिति पर उपसभापति पद पर रामानन्द तिवारी निर्विरोध मनोनीत किए गए। सहसों की सहकारी समिति पर सभापति पद के लिए चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें भाजपा समर्थित प्रत्याशी गौरव गुर्जर को चार तथा प्रतिद्वंदी प्रत्याशी रीना देवी को दो मत मिले। इसी समिति पर अनिल दौहरे को उपसभापति निर्वाचित किया गया। उक्त चुनाव में सुरक्षा की दृष्टि से संबधित थाना पुलिस के अलावा सर्किल के अन्य थानों की पुलिस मुस्तैद रही। एसडीएम विजय शंकर तिवारी व सीओ राकेश वशिष्ट लगातार मतदान स्थलों पर भ्रमण कर कर्मचारियों को दिशा निर्देशित करते रहे। उपरोक्त तीनों स्थानों पर शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया गया।

## गेल ने छात्रों को वितरित की स्वच्छता किट



माधव संदेश/आकाश फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। गेल के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय तर्रई भाग्यनगर के बच्चों को चीफ मैनेजर मानव संसाधन नवीन कुमार जी के द्वारा स्वच्छता किट बच्चों को वितरित की गई।जिसमे बच्चों को हैंडवाश नहाने का साबुन,कपड़े धोने का साबुन,नेलकटर आदि सामान दिया गया।नवीन कुमार जी ने बच्चो को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए कहा कि साफ सफाई से ही संचारी रोगों से बचा जा सकता है।स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है अत सभी बच्चे सुबह नहा धोकर आएं ।और शौचालय जाने के बाद तथा भोजन से पहले अपने हाथ अवश्य धोएं।वितरण के समय प्रधानाध्यापक अखिलेश यादव,पुष्पलता,आकांक्षा आदि लोगो मौजूद रहे।

## युवक ने दी मर्डर की झूठी सूचना, सूचना करता को पुलिस ने पकड़ा

**माधव संदेश/आकाश**



फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक व्रद्ध महिला की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी,गांव के ही एक व्यक्ति ने झूठी मर्डर की सूचना पुलिस को दी।फफूंद थाना पुलिस गाँव पहुची जहां की जानकारी मिली। झूठी सूचना देने वाले को पुलिस थाने लेकर आई है। थाना क्षेत्र के गांव माखनपुर निवासी 92 वर्षीय कालिंद्री देवी पत्नी स्व माता दीन की तबीयत खराब थी,मंगलवार को 11 बजे उनकी मृत्यु हो गई। दोपहर को उनका अंतिम संस्कार होने की तैयारी चल रही थी,तभी गांव के ही छुन्ना बाबू पुत्र दाऊ दयाल ने पुलिस को मर्डर होने की सूचना दे दी। मर्डर की सूचना पर गांव में भारी पुलिस फोर्स पहुच गया जहां पर उन्होंने जांच पड़ताल की। मर्डर की झूठी सूचना पर पुलिस ने सूचना देने वाले को पकड़ कर थाने लेकर आई है।मृतक कालिंद्री देवी के एक पुत्र सतीश कुमार व बेटी रमा देवी है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक जीवाराम ने बताया कि मर्डर की सूचना झूठी थी,सूचना करता के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी जिससे कोई झूठी सूचना नही दे सके।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फफूंद पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि बिधूना द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**माधव संदेश/आकाश**



फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। आज मंगलवार को भाजपा राज्यसभा सांसद गीता शाक्य के प्रतिनिधि ऋषि पांडे उर्फ सुधांशु पांडे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फफूंद पर आकर वृक्षारोपण किया इस मौके पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ऋषि पांडे उर्फ सुधांशु पांडे ने कहा है की हर व्यक्ति को एक एक पेड़ लगाकर वृक्षा रोपण को गति देना चाहिए जिससे पर्यावरण को गति मिल सके तथा आगे कहा है कि वृक्षारोपण करने के बाद जब तक वो वृक्ष बड़ा ना हो जाए तब तक उसकी सेवा लड़के के समान करनी चाहिए उसको समय पर पानी देना एवं देखरेख रखना परम आवश्यक है ताकि कोई व्यक्ति पेड़ को नष्ट ना कर सके इसके अलावा राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ऋषि पांडे उर्फ सुधांशु पांडे ने संकट मोचन धाम पर पहुंचकर वृक्षारोपण किया इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि ऋषि पांडे उर्फ सुधांशु पांडे (बिधूना), भाजपा मंडल फफूँद अध्यक्ष गोविंद मिश्रा, उपाध्यक्ष कमलेश कुशवाहा, महामंत्री अनुज दुबे, भाजपा मंडल फफूंद मीडिया प्रभारी गोपाल कृष्ण मिश्रा ,प्रमुख समाज सेवी योगेश तिवारी, उपाध्यक्ष अंकित रंजन त्रिपाठी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फफूंद के चिकित्सा अधिकारी सुधांशु दीक्षित, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फफूंद के फार्मासिस्ट सत्येंद्र पांडे, सुशील तिवारी आदि ने वृक्षारोपण किया ।

## पीड़ित सफाईकर्मी कों न्याय मिलने की जगह गदागंज थाने मे मिल रही धमकियाँ

**माधव संदेश/ संवाददाता**



रायबरेली जिले से है जहाँ मोटी रकम की चाशनी मे डूबकर आपने खासमखास की भूमिका कों जानकर कार्यवाही से बचने की जवाबदेही पेश कर रहे थाना गदागंज कोतवाल आपको बता दे कि जन्मावती सफाईकर्मी के भाई हरिनाम गौतम सफाईकर्मचारी पूरे सरवरियन का पुरवा निवासी कों नाली सफाई करते समय जलालपुर धई मे दबंगो ने बेरहमी मारा पीटा और जाति सूचक गाली भी दिए जिसकी शिकायत थाना गदागंज मे की उसके बाद पीड़ित कों चार दिन के बाद बुलाया गया थाने मे जबरजस्ती सुलह होने के लिए धमकी मिली बोले अगर सुलह नहीं हुए तो तुमको नौकरी से हटवा देंगे वही जब पीड़ित की बहन जान देने की बात कही तो सुलहनामा का कागज फाड़ कर फेंक दिया गया और वहां से भगा दिया गया लगातार क्षेत्र से वायरल हो रहे वीडियो पर भी कार्यवाही न करते हुए उच्च अधिकारियो कों लगातार गदागंज थानेदार साहब के द्वारा गुमराह करने की क़वायद से ही समझा जा सकता है ऐसी क्षेत्र मे कई घटनाएं हो चुकी है लेकिन गदागंज पुलिस मोटी रकम के आगे कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।

## प्रेमी संग भागने के लिए युवती ने की नाना की हत्या

ग्वालियर । मध्य प्रदेश के सिरोल इलाके में एक नातिन ही अपने नाना के मौत का कारण बन गई। अपने प्रेमी के साथ भागने के लिए लड़की ने अपने नाना-नानी के नूडल्स में नींद की गोली मिला दी। जिसके बाद दोनों की हालत काफी गंभीर हो गई थी। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी नातिन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।सिरोल इलाके में रहने वाले किशनलाल संखवार और उनकी पत्नी कंठश्री अपने बेटे सोनू और नातिन काजल के साथ रहते थे। काजल का बंटी संखवार नाम के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा थ। एक दिन काजल ने अपने प्रेमी के साथ भागने की योजना बनाई। इसके लिए उसने एक दिन नूडल्स बनाई और उसमें नींद की गोली डाल दी।काजल ने यह मैगी अपने नाना, नानी और उनके बेटे सोनू को खिला दी। इसके बाद किशनलाल संखवार और उनकी पत्नी कंठश्री की हालत बेहद गंभीर हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान किशनलाल की मौत हो गई और उनकी पत्नी की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

# सीएचसी में विश्व स्तनपान वीक का हुआ शुभारंभ मां का दूध बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास के लिए कारगर

**माधव संदेश/आकाश**



बिधूना,औरैया (ब्यूरो)। बिधूना के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मंगलवार को विश्व स्तानपान सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। विश्व स्तनपान सप्ताह एक अगस्त से बात अगस्त तक मनाया जायेगा। सीएचसी अधीक्षक ने कहा मां का दूध बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास के लिए कारगर है। यही नहीं मां का दूध ही मां और बच्चे के बीच बॉन्डिंग भी बढ़ाता है।विश्व स्तनपान सप्ताह के शुभारंभ के मौके पर सीएचसी अधीक्षक अविचल पाण्डेय ने कहा कि आज कल महिलाओं में भ्रांतियां घर कर गई है, कि यदि उसने अपना दूध बच्चे को पिलाया तो उनका फिगर खराब हो जाएगा। जिस कारण महिलाएं अपने बच्चों को दूध पिलाने से बचती हैं। यही वजह है कि ब्रेस्टफीडिंग के प्रति जागरूक करने के लिए वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक की शुरुआत करनी पड़ी। अब ये जागरूकता सप्ताह 100 से ज्यादा देशों में मनाया जा रहा है।उन्होंने कहा अपने बच्चे को ममता, प्यार और पोषण भरी शुरुआत देना हर मां की जिम्मेदारी होती है। आपने किसी न किसी को ऐसा कहते हुए जरूर सुना होगा कि मां का दूध पिया है तो मैदान में आजा। वाकई मां का दूध बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास के लिए कारगर है। यही नहीं मां का दूध ही मां और बच्चे के बीच बॉन्डिंग भी बढ़ाता है।उन्होंने बताया कि जो मां अपने बच्चों को दूध पिलाती है वो सुंदर, आकर्षक और हमेशा स्वस्थ रहती है। इसके अलावा भविष्य में डायबिटीज, हाइपरटेंशन, ब्रेस्ट कैंसर की संभावना कम हो जाती है। इसके साथ ही बच्चे को भी फायदा मिलता है। मां के दूध में हाई एंटीबायोटिक और दूसरे जरूरत के पदार्थ होते हैं?। जो बच्चों में रजिस्टेंस पावर बढ़ाता है, और बच्चा बीमार नहीं होता?। जो बच्चे मां का दूध पीते हैं, वो आगे जाकर बुद्धिमान और बलवान होते हैं।नर्स मेंटर पदम सिंह नर्स ने माताओं को ब्रेस्टफीडिंग के बारे जागरूक किया। वीडियो और डेमो के द्वारा ब्रेस्टफीडिंग के महत्व को समझाया एवं कहा कि मां का दूध बच्चों के लिए अमृत के समान होता है। अक्सर माताएं शिकायत करती कि दूध नहीं बनता बच्चे के लिए, ऐसे बहुत कम केस है। जिसमें मां के शरीर में दूध नहीं बनता। ऐसी माताओं को डॉक्टर से राय लेनी चाहिए। बच्चों को कम से कम जन्म के करीब 6 महीने तक ब्रेस्टफीडिंग की सलाह दी जाती है।

नर्स मेंटर ने कहा मदर मिल्क तीन तरह का होता है। शुरुआत में जो दूध आता है उसे फोरमिल्क कहते हैं। जिसमें अमीनो एसिड, प्रोटीन और विटामिन ज्यादा होते हैं। यह दूध बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट के लिए जरूरी होता है। मिड मिल्क में फैट और कार्बोहाइड्रेट होते हैं। हाई मिल्क में कार्बोहाइड्रेट और शुगर ज्यादा होते हैं। इस मौके पर हेमलता, हेमवती, हिमांशू, योगेन्द्र चौहान, देवेन्द्र राम किशोर, सिद्ध श्री व अमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## आस्था पब्लिक स्कूल में बच्चों का जन्मोत्सव कार्य म बड़े ही धूमधाम से मनाया गया


**माधव संदेश/प्रमोद यादव**




**रायबरेली ऊंचाहार आस्था पब्लिक स्कूल में बच्चों का जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया आस्था पब्लिक स्कूल के बच्चों काफी उत्साह दिखा आस्था पब्लिक स्कूल पारी के प्रबन्धक श्री राकेश यादव द्वारा स्कूल मे टॉपर बच्चो को चेक वितरित किया गया और स्कूल के बच्चो का जन्मदिन जिससे बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला और उनके अभिभावक भी मौजूद रहे गायत्री परिवार द्वारा मनाया गया।। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप श्री जितेंद्र बहादुर सिंह भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरखा मौजूद रहे हैं जिन्होंने बच्चो को चेक प्रदान किया और कहा बच्चे ही देश का भविष्य है।। इस मौके पर जिला सहसंयोजक भाजपा एस एम सूर्य विक्रम सिंह, उज्जवल चिल्ड्रेन स्कूल के प्रबन्धक जयदीप सिंह, अजीत बघेल, अतुल चौहान, राजेश मिश्रा, हसनैन, आदि लोग मौजूद रहे।।**

## चकबंदी में मिले चक पर दबंगों का कब्जा मांगने पर जमकर मारा पीटा

**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव**



महराजगंज रायबरेली राजेश कुमार पुत्र ननकू पूरे मचाल का पुरवा मजरे सारीपुर थाना महाराजगंज रायबरेली कोतवाली पुलिस को दिया लिखित शिकायती पत्र प्रतिपक्षी जीवनलाल पुत्र ननकू एवं राजेश कुमार सगे भाई हैं चकबंदी में दोनों के नाम अलग-अलग चक बन गए हैं परंतु प्रतिपक्षी राजेश कुमार को कब्जा नहीं दे रहे हैं और जबरन उसके घर को घेर कर उसे और उसकी पत्नी को जमकर मारा पीटा किसी तरह पीड़ित कोतवाली पहुंचा और लिखित शिकायती पत्र दिया जीवनलाल पुत्र नमकू संदीप कुमार पुत्र जीवन लाल सतीश कुमार शुभम सविता शांति प्रतिपक्षी गणों ने जबरन जो मुझे चकबंदी में चक मिला है उसे पर कब्जा किए हुए हैं और भद्दी भद्दी गालियां देते हैं तथा जान से मारने की धमकी भी देते हैं ।राजेश कुमार ने प्रार्थना पत्र ने बताया कि मुझे और मेरी पत्नी को प्रतिपक्षीगणों ने जमकर मारा पीटा है प्रतिपक्षी दबंग किस्म के हैं और आए दिन हमें परेशान किया करते हैं राजेश कुमार ने कोतवाली प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई।

# कूटरचित दस्तावेज के आधार पर जमीन का फर्जी बैनामा कर घोखाधड़ी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**माधव संदेश/ क्राइम ब्यूरो दीपक राही** रायबरेली अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत दिनांक 01अगस्त 2023 को थाना डलमऊ पुलिस टीम द्वारा थाना डलमऊ पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या-115/2023 धारा-419,420,467,468,504,506 भादवि से संबंधित अभियुक्तगण 1.चन्द्रकेतु पुत्र स्व0 सुरेश दत्त 2.शान्ति देवी पत्नी स्व0 घुरई निवासीगण मोहल्ला मियां टोला कस्बा व थाना डलमऊ जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त चन्द्रकेतु के विरूद्ध थाना डलमऊ द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है तथा अभियुक्ता शान्ति देवी उपरोक्त की उम्र 83 वर्ष होने के कारण थाना स्थानीय से नियमानुसार जमानत मुचलके पर रिहा किया गया है।

*पूछताछ का विवरण:- *पूछताछ व विवेचना के क्रम मे यह बात प्रकाश मे आयी है कि अभियुक्ता शान्ति देवी पत्नी स्व0 घुरई निवासीगण मोहल्ला मियां टोला कस्बा व थाना डलमऊ जनपद रायबरेली द्वारा कूटरचित दस्तावेज के आधार अपनी एक ही जमीन को तीन अलग-अलग व्यक्तियों को बेचा गया है, जिसमें अभियुक्त चन्द्रकेतु पुत्र स्व0 सुरेश दत्त निवासी मोहल्ला मियां टोला कस्बा व थाना डलमऊ जनपद रायबरेली द्वारा सभी बैनामा मे गवाही दी गयी थी।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त -**

1.चन्द्रकेतु पुत्र स्व0 सुरेश दत्त निवासी मोहल्ला मियां टोला कस्बा व थाना डलमऊ जनपद रायबरेली ।

2.शान्ति देवी पत्नी स्व0 घुरई निवासी मोहल्ला मियां टोला कस्बा व थाना डलमऊ जनपद रायबरेली । *गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-* 1. उप-निरीक्षक श्री संजय कुमार शर्मा थाना डलमऊ रायबरेली ।

2. आरक्षी ओंमकार यादव थाना डलमऊ रायबरेली ।

3. आरक्षी अरुण यादव थाना डलमऊ रायबरेली ।

4. महिला आरक्षी साधना सचान थाना डलमऊ रायबरेली।




# राज्य मंत्री ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को लेकर की समीक्षा

## सरकार महिला अपराधों को लेकर गंभीर: प्रतिभा शुक्ला

**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली, 1अगस्त। राज्य मंत्री,महिला कल्याण,बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उ0 प्र0 श्रीमती प्रतिभा शुक्ला की अध्यक्षता में विकास कार्य एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक बचत भवन सभागार में हुई। राज्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी को निर्देश दिया कि अपराधिक मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए। महिला अपराधों को लेकर सरकार बहुत गंभीर है। निष्पक्ष होकर कार्यवाही की जाए और जनपद को अपराध मुक्त बनाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था के संबंध में राज्यमंत्री को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और आपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। सभी पुलिस थानों और महिला थानों को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी पीड़ित यदि थाने में आता है तो सर्वप्रथम उसकी एफआईआर दर्ज कराई जाए और तत्काल कार्यवाही की जाए।

कानून व्यवस्था के उपरांत राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के साथ विकास कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

राज्यमंत्री ने जिला कार्यक्रम अधिकारी से बच्चों के पोषण के संबंध में जानकारी हासिल की। जिला प्रोवेशन अधिकारी से कन्या सुमंगला योजना की स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि हर लाभार्थी को इस योजना का लाभ मिले। विधवाओं को नियमित रूप से पेंशन मिलती रहे। इसके लिए उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल सेवा योजना के अंतर्गत नए लाभार्थियों को चिन्हित किया जाए। डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिया कि समूहों को आपस में जोड़कर उन्हें कार्य दिए जाए और उनको आत्मनिर्भर बनाया जाए। समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक चाक उपलब्ध कराया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले आवासों के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के गरीबों को आवास उपलब्ध कराए जाए। दिव्यांगों और दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को प्राथमिकता दी जाए। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि कैंप लगाकर किसानों को जागरूक किया जाए और उनकी विद्युत आपूर्ति पूरी की जाए ताकि किसानों को कृषि कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो। जिला कृषि अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ मिलता रहे।

राज्य मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव को निर्देश दिया कि सभी ब्लॉकों में जन चौपाले लगाई जाए और उसकी लगातार समीक्षा की जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विधवा, दिव्यांगों और वृद्धों को दी जाने वाली पेंशन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गांवो को जोड़ने वाले संपर्क मार्गो को दुरुस्त किया जाए और सभी गांवो में पेड़ लगाए जाए। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी विद्यालयों को संतृप्त किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोगों के स्वास्थ्य कार्ड अवश्य बनाये जाए। आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत सभी लोगों को आच्छादित किया जाए । बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों मे शिक्षक अवश्य जाएं और पढ़ाई होती रहे। विद्यालयों में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। विद्यालयों में पानी, शौचालय और बच्चों के भोजन की व्यवस्था रहे। बच्चों को ड्रेस और कॉपी, किताबें अवश्य उपलब्ध कराई जाए। राज्य मंत्री ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा के गुणवत्ता को बढ़ाएं और बच्चे लगातार स्कूलों में आए इसको सुनिश्चित किया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी बच्चों को शिक्षा दी जाए। साथ ही उनके पोषण का भी ध्यान रखा जाए।




डीएफओ आशुतोष अग्रवाल को ग्राम पंचायतों और और नगर पंचायतों में अमृतवन,नंदनवन और आयुषवन बनाए जाने के विशेष निर्देश दिए। इंदिरा गांधी उद्यान में औषधि पौधे लगाए जाने के निर्देश दिए। मत्स्य विभाग से मछली पालको को दिए जाने वाले पट्टे के विषय में जानकारी हासिल की। मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 50 हेक्टेयर का टारगेट दिया गया है। जिसमें से 36 हेक्टेयर के लिए आवेदन मिल चुके हैं। जिलाधिकारी ने राज्यमंत्री को बताया कि जनपद में 75 गोशालाएं आए हैं जिनमें से अधिकतर को चारागाह से जोड़ दिया गया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सभी गोवंशो की टैगिंग कर दी गई है। साथ ही पशु चिकित्सकों को सभी गौशालाओं में नियुक्त किया गया है जो समय समय पर गोवंशो का परीक्षण करते हैं। बैठक के अंत में राज्यमंत्री ने कहा कि जिस भी अधिकारी को जो भी कार्य सौपे पर गए हैं उसका समय से निस्तारण करें। सरकार की यह मंशा है कि योजनाओं का लाभ आमजन लोगों तक आसानी से पहुंचे। शिक्षा,स्वास्थ्य सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। जन सुनवाई के दौरान ही लोगों की समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी(प्र0) प्रफुल्ला त्रिपाठी,अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) पूजा मिश्रा,नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्य मंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया वृक्षारोपण

राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कलेक्ट्रेट परिसर में जामुन के पौधे का रोपण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आप सभी लोग भी अपने कार्यालयों के परिसर में पौधे अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें। इन पौधों की अपने बच्चों की तरह देखभाल करें यह हमारे भावी पीढ़ी को सुनहरा भविष्य देंगे। करोना काल में ऑक्सीजन के महत्त्व को समझा जा सकता है।

## जादूगर अजय द्वारा सीएचसी प्रांगण में जादू दिखा कर रेबीज टीकाकरण के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव रायबरेली सीएचसी में मंगलवार को रायबरेली के जादूगर अजय एण्ड पार्टी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज के प्रांगण में जादू दिखा कर रेबीज टीकाकरण का जागरूकता शिविर मनाया गया । शिविर में जादूगर अजय द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से रेबीज रोग नियंत्रण उपचार एवं टीकाकरण के सम्बन्ध में जन समूह को जागरूक किया गया। जादूगर अजय द्वारा बताया गया कि यदि कुत्ता/बिल्ली/बंदर/नेवला या सियार जैसे गर्म रक्त का कोई भी पशु यदि काटता है/चाटता/खरोंचता है तो घाव को बहते हुए पानी से साबुन से धोएं घर में उपलब्ध स्पिट/ एन्टिसेप्टिक लगाए। तुरन्त उपचार के लिए नजदीक के सरकारी अस्पताल में जाकर रेबीज नियंत्रण के सम्पूर्ण टीके लगवाएं । घाव सरसों का तेल न लगाएं अन्धविश्वास से बचें। ज्यादा जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001805145 पर फोन कर पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।**



## भीम सेवक संघ ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



फ़िरोजाबाद। भीम सेवक संघ द्वारा मंगलवार को गांधी पार्क में मणिपुर में हुई जातियां हिंसा के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही नगर मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने एवं सांसद संजय सिंह के निलम्बन को वापस लेने की मांग की। भीम सेवक संघ का धरना दूसरे दिन यानि मंगलबार को जारी रहा। भीम सेवक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि मणिपुर में जारी जातीय हिंसा को रोकने, शांति बहाली मे नाकाम राज्य सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू कराने सांसद संजय सिंह का निलंबन वापस लेने की मांग की। भीम सेवक संघ के पदाधिकारियों ने इस संबंध में नगर मजिस्ट्रेट सरिता सिंह को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही नगर मजिस्ट्रेट ने धरना समाप्त करा दिया। धरना देने वालों में गिरीश जोशी, जयप्रकाश कुशवाह, रामदास मानव, हकीम सिंह निमोरियां, गुलाबसिंह, निगम वाल्मीकि, रोहित चौहान, सन्नी निमेष, जगदीश भाई, प्रवीण उमराय आदि मौजूद रहे।

## जहॉ पॉलीथिन का हो रहा निर्माण वहॉ पर हो कार्यवाही-पंकज गुप्ता -व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं हुआ बंद, तो सड़को पर उतरकर करेंगे प्रदर्शन

फ़िरोजाबाद। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की एक बैठक महानगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें नगर निगम प्रशासन के द्वारा छोटे-छोटे व्यापारियों का पॉलिथीन के नाम पर शोषण किया जा रहा है। जिसको लेकर विरोध प्रकट किया गया। व्यापार मंडल के महानगर कोषाध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा पॉलीथिन के नाम पर छोटे-छोटे कारोबारियों पर 25-25 हजार रू. का जुर्माना लगाना बिल्कुत गलत है। इस संबंध में प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को एक पत्र भेजा गया है। जिसमें नगर निगम प्रशासन द्वारा व्यापारियों का पॉलीथिन अभियान के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। इससे अवगत कराया गया है। जल्दी ही उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल इस समस्या को खत्म करने के लिए सड़कों पर उतरेगा। साथ ही कहा कि जहां पर पॉलिथीन का निर्माण हो रहा है। जहां फैक्ट्रियां धड़ल्ले से चल रही हैं। वहां पर छापेमारी क्यों नहीं की जा रही है। जब उत्पादन बंद हो जायेगा, तो पॉलीथिन भी बंद हो जायेगी। बैठक की अध्यक्षता विमलेश जैन एवं संचालन आलोक मित्तल ने किया। बैठक में मोहित गुप्ता, राजू गुप्ता, संजय मित्तल, कमलेश जैन, अशोक गुप्ता, कमल गुप्ता, परम अग्रवाल, नरेश गुप्ता, बिरजू पंसारी, चंद्रेश अरोरा, सपन जैन, नमन जैन, सप्पू जैन तमाम किराना व्यापारी उपस्थित रहे।

## चुनाव जीते रौरा से रीना देवी ने बाजी मारी

**ऊसराहार ( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा )** समथर मे डायरेक्टर पद के लिए कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ पुंजा से इंद्रपाल सिंह चुनाव जीते रौरा से रीना देवी ने बाजी मारी ताखा के समथर मे डायरेक्टर पद के लिए सोमवार को कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव संपन्न हुआ नौ पदो के लिए सात डायरेक्टर पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे समथर के संतोषपुर पचार मे हुए चुनाव मे पुंजा एंव रौरा से दो दो प्रत्याशियों के बीच चुनाव हुआ रौरा से रीना देवी चुनाव जीती है जबकि पुंजा से इंद्रपाल ने जीत हासिल की है बता दे यंहा पहले हुए चुनाव मे मतदाता सूची मे गडबडी के चलते चुनाव निरस्त कर दिया गया था इसलिए इसबार कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव संपन्न कराया गया उपजिलाधिकारी ताखा देवेन्द्र कुमार पांडेय एंव खंड विकास अधिकारी ताखा राजकुमार शर्मा लगातार संतोषपुर मे निरीक्षण करते रहे और पल पल की अपडेट लेते रहे निर्वाचन अधिकारी विवेक कुमार तिवारी ने बताया सात डायरेक्टर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं दो पदो के लिए चुनाव हुआ है अध्यक्ष पद के लिए आज मंगलवार को चुनाव होगा

## मिशन प्रेरणा फेज 2 निपुण भारत मिशन के तहत स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक तहसील सभागार में की गई

**ऊसराहार ( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा )** निपुण भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक तहसील सभागार में आहूत की गई।बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार पांडे ने की।निपुण भारत मिशन के प्रभावी अनुश्रवण हेतु उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया।मिशन प्रेरणा फेज 2 निपुण भारत मिशन का विजन एवं उद्देश घटक आदि से संबंधित क्रियाकलापों एवं इनसे संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की गई।ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स में खंड विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार ,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ,सहायक खंड विकास अधिकारी ,पूर्ति निरीक्षक अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी को शामिल किया गया।बैठक में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा, विकासखंड स्तरीय टास्क फोर्स के द्वारा किए गए निरीक्षण की समीक्षा,,ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के 19 पैरामीटर्स के संतृप्ति करण की समीक्षा, सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत आउट ऑफ स्कूल बच्चों का पहचान,नामांकन एवं डीबीटी योजना की समीक्षा ,समावेशी शिक्षा के अंतर्गत समर्थ पोर्टल के अनुसार दिव्यांग छात्र छात्राओं का चिन्हीकरण नामांकन आदि की समीक्षा की गई।बैठक में बीईओ बीरेंद्र सिंह पटेल, एआरपी बीरेंद्र कमल,शैलेंद्र यादव,अनिल दुबे समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

## विद्यालय प्रांगण पूरा जलमग्न



**ताखा ( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा )** क्षेत्र ताखा के उच्च प्राथमिक विद्यालय बकौली में जल भराव की गंभीर समस्या से छात्रों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।है जिससे विषैले सर्प और कीड़े मकोड़े के निकलने की आशंका बनी रहती है। पीने के शुद्ध पानी की समस्या भी है। लगभग एक महीने से पानी से लबालब विद्यालय परिसर के कारण हैंडपम्प से मटमैले रंग का दूषित जल निकल रहा है।जिसे पीकर बच्चो में बीमारियां फैल रही है।स्कूल स्टाफ द्वारा कई बार शिकायत की गई है पर समस्या जस की तस तस बनी हुई है।

# फ़िरोजाबाद में नहीं होगी खाद की कोई कमी-अतुल प्रताप सिंह

### -नगला हिम्मत स्थित पथवारी माता के मंदिर का जल्द ही होगा जीर्णोद्धार कार्य



फ़िरोजाबाद। जिले में खाद की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। आगे आने वाले माह में आलू की बुबाई के समय डीएपी और अन्य खाद की कोई किल्लत ना हो, इसके लिये पूरे सुनियोजित प्रयास किये जा रहे है। किसान भाइयों की मूलभुत कृषि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये हम पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। यह उद्गार खैरगढ में दीपक सोलंकी द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पहुँचे नवनिर्वाचित जिला सहकारी बैंक फ़िरोजाबाद के अध्यक्ष इंजी अतुल प्रताप सिंह ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि जिला सहकारी बैंक के साथ-साथ जिला पंचायत फ़िरोजाबाद द्वारा भी ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिये धन की कोई कमी नहीं रहने दी जायेगी। आज ग्रामीणों ने जो प्रस्ताव दिये है, उन सभी पर कार्य कराया जायेगा। इस दौरान ग्रामीणों की माता पथवारी मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य की मॉग पर इं अतुल प्रताप सिंह ने कहा कि आपके इस जीर्णोद्धार कार्य के बारे में शीघ्र पर्यटन मंत्री को अवगत करा दिया जायेगा। विभाग से प्रस्ताव स्वीकृत होते शीघ्र ही इस मंदिर में पर्यटन विकास कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इस दौरान मंचासीन अतिथियों में वरिष्ठ समाजसेवी देवेन्द्र सिंह तोमर, ब्रज क्षेत्र संयोजिका मातृशक्ति मंजू सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा देवेश भारद्वाज, राजेश चौहान, युवा मोर्चा जिला मंत्री नितिन सिंह के अलावा कार्यक्रम में तेजेन्द्र परिहार, विष्णु चौहान, संदीप राजावत, अनुज गुप्ता, रामनरेश चौहान, रामशंकर पाठक, बलराम यादव, सुदीप शर्मा, रामनरेश चौहान, राहुल तोमर, गौरव तोमर, भूपेन्द्र सिंह, सुनील उपाध्याय, विनय राघव, संजय राघव, जयवीर सिंह कौशल चौहान, गौरव चौहान आदि मौजूद रहे।

## तीज मेंले में महिलाओं ने की जमकर खरीददारी



### -फ़िरोजाबाद क्लब में महिला शक्ति ने लगाया तीज मेला

फ़िरोजाबाद। जायंट्स ग्रुप ऑफ फ़िरोजाबाद महिला शक्ति द्वारा मंगलवार को फ़िरोजाबाद क्लब में तीज प्रदर्शनी लगायी गई। जिसमें महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। साथ ही चॉट-पकौड़ी का भरपूर आनंद लिया। तीज मेले का उद्घाटन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सौम्या चौहान ने दीप प्रज्जवलन कर किया। अध्यक्षा पूनम गुप्ता ने बताया कि महिला शक्ति हमेशा से ही सेवा कार्य करती आयी है। इस तीज मेले का मुख्य उद्देश्य धन अर्जन करना है। इसमें स्टॉल बुकिंग कराने से जो भी धन लाभ होगा, वो सामाजिक, सेवा कार्य, असहाय बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्धन कन्या के विवाह आदि पर खर्च किया जायेगा। प्रशासनिक निर्देशिका प्राची अग्रवाल ने बताया कि इस तीज मेले में कानपुर, मथुरा, आगरा, भरतपुर, खैरागढ़, दिल्ली और फ़िरोजाबाद आदि जगह से आए दुकानदारों ने स्टाल लगाई। जिसमें फैसनेबुल कपड़े, डिजाइनर ज्वैलरी, रेसिन प्रोडक्ट, राखी, भगवान की पोशाक, साड़ी, घरेलू उपयोगी समान की जमकर खरीददारी की गई। वित्त निर्देशिका राखी बंसल ने बताया कि महिला शक्ति द्वारा लकी ड्रा भी रखा गया। मेले में आई महिलाओं ने लकी ड्रॉ का कूपन खरीदा और हर दो घंटे बाद लकी ड्रॉ निकाला गया। विजेता महिला को उपहार दिया गया। तीज मेले में मां सुषमा निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र से आई लड़कियों और महिलाओं द्वारा मेहंदी, कढ़ाई, सिलाई और ब्यूटीशियन के प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया गया। मेले में आई महिलाओं को निःशुल्क मेहंदी लगवाई। इस दौरान फेडरेशन अधिकारी वर्तिका जैन, यूनिट डायरेक्टर अनू बंसल, नीतू बंसल, रेनू अरोरा, शालू नरूला, उषा पाराशर, डिंपल गुप्ता, कल्पना राजोरिया, रश्मि अग्रवाल, तनु, गौरी, सीनू, दीपा, गुंजन, निशा, चारुल आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## मौला अली इंटर कॉलेज में टीबी जागरूकता गोष्ठी सम्पन्न

### -जन आधार कल्याण समिति ने टीबी मरीजों को वितरित की पोषण किट

**फ़िरोजाबाद। जनपद के मौला अली इंटर कॉलेज में क्षय रोग विभाग द्वारा टीबी से बचाव व बीमारी के उपचार से संबंधित जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जन आधार कल्याण समिति द्वारा पांच टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथिलेश सिंह ने समाज कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं व छात्राओं से संबंधित योजनाओं की जानकारियों के बारे में विस्तार से समझाया। प्रधानाचार्य जफरूल इस्लाम ने छात्र-छात्राओं से कहा कि जन जागरूकता से ही टीबी मुक्त समाज की स्थापना हो सकती है। क्षय रोग विभाग के डीपीपीएमसी मनीष यादव ने कहा कि क्षय रोग लाइलाज नहीं है, इसकी समय से जांच व उपचार आवश्यक है। टीबी की बीमारी यदि किसी को है तो मरीज दवा का सेवन नियमित रूप से करें और साथ ही पौष्टिक आहार का सेवन करें। जिससे वह शीघ्र स्वस्थ हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा टीबी मरीजों को निश्चय पोषण योजना के तहत प्रत्येक माह उपचार जारी रहने तक 500 खाते में डीबीटी द्वारा भेजे जाते हैं। टीबी संभावित लक्षण वाले लोग नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच अवश्य कराएं। गोष्ठी में जन आधार कल्याण समिति के पदाधिकारी प्रवीण शर्मा तथा अंकित वर्मा ने पांच टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की। साथ ही भावनात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर एसटीएस बलराम, टीबीएचवी प्रमोद, प्रवेंद्र, बृजेश आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।**

## पॉलीथिन के नाम पर दुकानदारों का उत्पीड़न हो बंद-अम्बेश शर्मा

### -व्यापारियों ने निगम पहुंच अपर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



फ़िरोजाबाद। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अंबेश शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम पहंचा। जहॉ प्रतिनिधि मंडल ने अपर आयुक्त संतोष कुमार को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें दुकानदारों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन के नाम पर हो रहे उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग की है। महानगर अध्यक्ष अम्बेश शर्मा ने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार ने पॉलिथीन बैग के प्रयोग पर रोक लगा दी है, जो कि स्वागत योग्य कदम है। हम सरकार के कदम का स्वागत करते हैं। लेकिन नगर निगम प्रवर्तन दल के लोग 20-25 लोगों को साथ लेकर दुकानदार के यहां पर ऐसे छापा डालते हैं। जैसे कि दुकानदार कोई डकैत, चोर हो। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को सुपर स्टॉकिस्ट एवं किस ट्रांसपोर्ट से भारी मात्रा में पॉलीथिन कैरी बेग आ रहे है। उस पर रोक लगानी चाहिए। व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने रोष व्यक्त करते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में व्यापार मंडल सड़क पर उतरकर नगर निगम के खिलाफ आंदोलन को बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। प्रतिनिधि मंडल में रमाशंकर यादव दादा, रामबाबू झा, परशुराम लालवानी, अनिल गुप्ता अमीना, सुभाष यादव, भानु उपाध्याय, अनीश खान, अर्जेश उपाध्याय, राहुल गुप्ता, गोपाल शर्मा, मुन्नालाल गोला, नरेश पंजाबी, मनोज कटारिया, शांति स्वरूप, सोनवीर सिंह, मुकेश शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## तिलक इंटर कॉलेज में मनाई गई लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की 103 वी पुण्यतिथि

### -हिंदू जागरण मंच की वीरांगना बहनों ने वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



फ़िरोजाबाद। मंगलवार को तिलक इंटर कॉलेज में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की 103 वी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच की वीरागंना बहनों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंग्रेजों द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन में उनकी विशेष भूमिका रही। उनका एक नारा था स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, इसे लेकर रहेंगे। कांग्रेस में जब गरम दल, नरम दल और गरम दल में विभाजित हो गई। तो तिलक जी गरम दल के नेता बने। उन्होंने एडवोकेट की शिक्षा प्राप्त की। बाल गंगाधर तिलक के अनुयायियों द्वारा फ़िरोजाबाद में तिलक कॉलेज की स्थापना की। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच की वीरांगना बहनों ने तिलक जी की याद में विद्यालय में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिष। इस दौरान प्रधानाचार्य राकेश कुमार अग्रवाल, पंकज भारद्वाज, देवेश कुमार, अजय कुमार शर्मा, मधुरिमा वशिष्ठ, पूजा शर्मा, पूजा जादौन, जयश्री जादौन, बेबी वर्मा, आयुष शर्मा, शौर्य यादव आदि मौजूद रहे।

# जेल की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो




**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश** चित्रकूट डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी वृंदा शुक्ला ने सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने पृथकवास, हाता, पाकशाला व राशन स्टोर की व्यवस्थाएं देखी। जेल में निरूद्ध कैदियों से भोजन पानी के बारे में जानकारी की।निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न होने पाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रभारी जिला कारागार को निर्देशित किया कि मीनू के हिसाब से खाना दिया जाए। डीएम ने पृथकवास में कैदियों के खाना तलाशी भी कराई। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे संचालित रहें। उन्होंने प्रभारी जिला कारागार से कहा कि कैदियों का बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक कराएं। दवाएं भी सुनिश्चित करें। बाहर से कैदी चित्रकूट कारागार में स्थानांतरित किए गए हैं उन सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य किया जाए। इस दौरान जिला कारागार अधीक्षक शशांक पांडेय, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गबन के आरोपी प्रबंधक को सत्र न्यायालय से नहीं मिली राहत

### मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सूर्यकांत धर दुबे ने सुनाई थी सजा

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश** चित्रकूट – मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा गबन के मामले में सुनाई गई सजा से आरोपी प्रबंधक को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां से भी राहत नहीं मिली है। जिसमें आरोपी प्रबंधक को मिली सजा के निर्णय के खिलाफ की गई दाण्डिक अपील को खारिज कर दिया गया है। संयुक्त निदेशक अभियोजन ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एचडीएफसी बैंक के उपर रोज वैली ग्रुप आफ कम्पनीज का कार्यालय खुला था। जिसमें प्रबंधक शारदा प्रसाद उर्फ शरद साहू पुत्र मुन्नीलाल निवासी कालूपुर पाही द्वारा बीती 18 फरवरी 2014 को कर्वी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिसमें शाखा से 2505885 रूपए चोरी हुए जाने का मामला बताया गया था। जिसके बाद विवेचना के दौरान यह बात सामने आई कि शाखा प्रबंधक द्वारा स्वयं पैसे का गबन कर लिया गया है और लोगों को गुमराह करने के लिए स्वयं मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में वादी मुकदमा शारदा प्रसाद के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकांतधर दुबे ने इस मामले में बीती 21 अप्रैल 2023 को निर्णय सुनाया था। जिसमें धारा 408 के तहत दोष सिद्ध होने पर आरोपी शारदा प्रसाद को तीन वर्ष के कारावास की सजा और 50 हजार रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई थी। इस मामले में आरोपी द्वारा दाण्डिक अपील की गई थी। जिसमें सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद निर्णय सुनाया। जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पारित निर्णय में किसी प्रकार की कोई विधिक त्रुटि नहीं पाए जाने पर आरोपी को दी गयी सजा का निर्णय बहाल रखा गया। साथ ही दाण्डिक अपील खारिज कर दी गयी।

# थाना मानिकपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश** चित्रकूट- पुलिस अधीक्षक चित्रकूट वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 अरविन्द कुमार पाण्डेय तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त विजय उर्फ बिज्जू पुत्र सौखीलाल निवासी सुभाष नगर कस्बा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध थाना मानिकपुर में विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया ।



# इंग्लैंड ने पांचवां ऐशेज टेस्ट जीता

## अली-वोक्स ने दूसरी पारी में झटके 7 विकेट, सीरीज 2-2 से ड्रॉ



**लंदन।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच लंदन के ओवल मैदान में ऐशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट खेला गया। मुकाबले में इंग्लैंड ने टेस्ट 49 रन से जीत कर सीरीज 2-2 से बराबर की। चौथा टेस्ट बारिश के कारण ड्रॉ हो गया था। ऑस्ट्रेलिया ने इस साल सीरीज पर कब्जा जमा लिया। ऐशेज की ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया के पास ही रहेगी क्योंकि टीम ने पिछली ऐशेज सीरीज जीती थी। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 395 रन बना कर ऑस्ट्रेलिया को 384 रन का टारगेट दिया था। पांचवें दिन ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआत तो ठीक की, लेकिन आखिरी में 334 रन बना कर टीम ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड के पेसर क्रिस वोक्स और स्पिनर मोईन अली ने मिल कर 7 विकेट झटके और पूरा गेम पलट दिया। ब्रॉड ने जेम्स एंडरसन के साथ दिन के खेल की शुरुआत की।

### ऑस्ट्रेलिया के लगातार विकेट गिरे

ऑस्ट्रेलिया के ओपनर्स ने पांचवें दिन का खेल आगे बढ़ाया। डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा के बीच 140 रन की पार्टनरशिप हुई। वार्नर 60 रन बना कर पवेलियन लौटे। वार्नर के विकेट के दो ओवर बाद ही उस्मान ख्वाजा भी 72 रन बना कर क्रिस वोक्स की बॉल पर LBW हो गए। इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड के बीच 95 रन की मजबूत पार्टनरशिप हुई। ऐसा लग रहा था की ऑस्ट्रेलिया यह मैच आसानी से जीत लेगा। ट्रेविस हेड 43 रन बना कर आउट हुए। उनके आउट होते ही टीम के विकेट गिरते ही चले गए। हेड के विकेट के बाद अगले ही ओवर में स्मिथ भी 54 रन बना कर पवेलियन लौटे। मिचेल मार्श 6 रन और मिचेल स्टार्स 0 रन बना कर आउट हो गए। कप्तान पैट कमिंस भी 9 रन ही बना सके। एक छोर पर विकेट गिरते रहे और दूसरे छोर पर विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी डंटे रहे। टॉड मर्फी और एलेक्स कैरी के बीच 35 रन की पार्टनरशिप हुई। लेकिन, स्टुअर्ट ब्रॉड ने पहले टॉड मर्फी को आउट किया और फिर एलेक्स कैरी के रूप में आखिरी विकेट ले कर इंग्लैंड को मैच जिता दिया। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर्स डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा के बीच 140 रन की अटूट पार्टनरशिप हो चुकी थी। इसके बाद मार्क वुड ने नई बॉल से वार्नर और ख्वाजा के विकेट ले कर इंग्लैंड को वापसी दिलाई। इसके बाद उन्होंने स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को भी चलता किया। दूसरे छोर से मोईन अली ने ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श और पेट कमिंस की विकेट ली। मार्क वुड ने मार्नस लबुशेन को आउट किया। अपना आखिरी मैच खेल रहे स्टुअर्ट ब्रॉड ने आखिरी दो विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन दूसरी पारी में मजबूत शुरुआत की। टीम ने स्टंप्स तक बिना नुकसान के 135 रन बनाए।

### स्टार्क ने लिए 4 विकेट

ऑस्ट्रेलिया की ओर से पेसर मिचेल स्चार्क ने 4 विकेट झटके। स्टार्क ने स्टोक्स, ब्रूक, ब्रॉड और वोक्स को चलता किया। जोश हेजलवुड और स्पिनर टॉड मर्फी ने 2 विकेट लिए। वही, पैट कमिंस और मिशेल मार्श ने एक-एक सफलता मिली। क्रॉले और डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद 11 रन बनाने में इंग्लैंड ने तीन विकेट गंवा दिए। डकेट को मिचेल मार्श ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। इसके बाद क्रॉले भी 37 गेंदों में तीन चौके की मदद से 22 रन बनाकर आउट हो गए। जो रूट को हेजलवुड ने क्लीन बोल्ड किया। स्टुअर्ट ब्रॉड को गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। ब्रॉड जैसे ही बल्लेबाजी करने उतरे, उन्हें ऑस्ट्रेलिया के प्लेयर्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

# क्या भारतीय क्रिकेट में सब कुछ नॉर्मल है?- टीम से जुड़े 4 घटनाक्रम बढ़ा रहे संदेह, टीम बस में पोर्ट ऑफ स्पेन नहीं गए कोहली




**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज दौरे पर गलत वजहों से चर्चा में है। वेस्टइंडीज की बेहद कमजोर मानी जाने वाली टीम ने भारत को दूसरे मुकाबले में हरा दिया। पहले मैच में भी 115 रन के साधारण टारगेट का पीछा करते हुए भारत ने 5 विकेट गंवा दिए थे। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों इस मैच में नहीं खेले थे। ये दोनों पहले मैच में भी बैटिंग के लिए नहीं आना चाह रहे थे। कोच राहुल द्रविड़ ने इसे प्रयोग का नाम दिया। उन्होंने कहा कि एशिया कप और वर्ल्ड कप आने वाला है, इसके लिए टीम में कुछ प्रयोग किए जा रहे हैं। बकौल द्रविड़ लोगों को बड़ी तस्वीर देखनी चाहिए, छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। हालांकि, वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम सिलेक्शन से लेकर अब तक हुए 4 डेवलपमेंट ने यह संदेह बढ़ा दिया है कि टीम इंडिया में सब कुछ सही नहीं चल रहा है। एक-एक कर उन चारों डेवलपमेंट को देखते हैं और फिर समझते हैं कि इनसे क्या सवाल खड़े हो रहे हैं? चयनकर्ताओं ने रोहित और विराट दोनों को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना। इन खिलाड़ियों का चयन तभी होता है, जब ये मैच के लिए अवेलेबल हों। ऐसा नहीं होने पर इनको रेस्ट दिया जाता है। इसका मतलब है कि सिलेक्टर्स चाहते थे कि ये दोनों वनडे सीरीज में खेलें। भारत में होने वाले वर्ल्ड कप से पहले सिलेक्टर्स की कोशिश थी कि सभी खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा टाइम मिले। लेकिन, वेस्टइंडीज दौरे पर अब तक जो कुछ भी हुआ उससे लगता है कि सिलेक्टर्स और टीम मैनेजमेंट इस मामले में एक पेज पर नहीं हैं। कैसे नहीं हैं, इसे अगले तीन पॉइंट्स से समझते हैं। 27 जुलाई को पहले वनडे में भारत ने विंडीज टीम को 114 रन पर ऑल आउट कर दिया। 115 रन के छोटे से टारगेट को चेज करने के लिए टीम मैनेजमेंट ने बैटिंग आर्डर में बड़ा बदलाव किया।

# आयरलैंड दौरे के लिए टीम का ऐलान- पंड्या समेत सभी सीनियर प्लेयर्स को आराम



**स्पोर्ट्स डेस्क।** 18 अगस्त से शुरू हो रहे आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। करीब एक साल बाद चोट से वापसी कर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि रोहित शर्मा, विराट कोहली और हार्दिक पंड्या जैसे सभी सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया गया है। यह सीरीज टीम इंडिया के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे जसप्रीत बुमराह वापसी कर रहे हैं। भारतीय टीम को अगले महीने एशिया कप और उसके बाद अक्टूबर-नवंबर में वर्ल्ड कप खेलना है। ऐसे में बुमराह की फॉर्म के साथ वापसी होती है तो टीम मजबूत होगी। भारतीय सिलेक्टर्स ने आयरलैंड दौरे के लिए कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और हार्दिक पंड्या जैसे लगभग सभी सीनियर्स को आराम दिया है, जबकि तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा जैसे IPL स्टार्स को टीम में मौका दिया गया है। इन सभी ने IPL में शानदार प्रदर्शन किया था। जसप्रीत बुमराह करीब एक साल के बाद टीम इंडिया में वापसी कर रहे हैं। वे पीठ की चोट के बाद ह्रष्ट में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे थे। बुमराह ने न्यूजीलैंड में अपनी बैक सर्जरी भी कराई थी। बुमराह ने आखिरी मुकाबला 25 सितंबर 2022 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हैदराबाद में खेला था।

# आईसीसी ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप का पोस्टर रिलीज किया- टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 5 अक्टूबर को खेला जाएगा; भारत का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से




**स्पोर्ट्स डेस्क।** इंटरनेशनल क्रिकेट कार्उसिल ने भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले 2023 वनडे वर्ल्ड कप का पोस्टर रिलीज कर दिया है। पोस्टर में ट्रॉफी के साथ टूर्नामेंट में खेलने वाली सभी 10 टीमों के कप्तान दिख रहे हैं। ट्रॉफी के सबसे करीब इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस हैं। ऑस्ट्रेलिया पांच बार की वनडे वर्ल्ड कप विजेता है, जबकि इंग्लैंड मौजूदा चैंपियन है। बटलर के बाईं ओर भारत के कप्तान रोहित शर्मा हैं, उनके बाद अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी, श्रीलंका के दासुन शनाका और न्यूजीलैंड के टॉम लाथम हैं। कमिंस के दाईं ओर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा, बांग्लादेश के तमीम इकबाल और नीदरलैंड के स्कॉट एडवर्डस हैं। इस बार वर्ल्ड कप में 10 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड और रनर-अप न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले के साथ होगी।

### भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में खेला जाएगा

भारत ने आखिरी बार 2011 में घरेलू धरती पर वनडे वर्ल्ड कप जीता था। वहीं 2015 में ऑस्ट्रेलिया और 2019 में इंग्लैंड ने खिताब जीता है। भारत के वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया से मुकाबले के साथ होगी। यह मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में खेला जाएगा।

▶▶ भारत ने आखिरी बार 2011 में घरेलू धरती पर वनडे वर्ल्ड कप जीता था। 2019 में इंग्लैंड ने खिताब जीता है।

पहला सेमीफाइनल 15 नवंबर को मुंबई में और दूसरा अगले दिन कोलकाता में होगा। सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे होंगे और तीनों डे-नाइट मैच होंगे।

# ब्रावो ने त्रिनिदाद में टीम इंडिया का वेलकम किया- आज शाम यहीं खेला जाएगा भारत-वेस्टइंडीज के बीच तीसरा मुकाबला



**स्पोर्ट्स डेस्क।** वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले के लिए टीम इंडिया जब त्रिनिदाद पहुंची तो होटल में विंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर ड्वेन ब्रॉवो ने टीम का वेलकम किया। इस दौरान टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों ने उनसे हाथ मिलाया। ब्रावो के साथ उनका बेटा भी वहां मौजूद था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम इंडिया और ब्रावो का यह वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा, 'जब आप त्रिनिदाद पहुंचते हैं...' भारत और वेस्टइंडीज के बीच में खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला आज यानी 1 अगस्त को त्रिनिदाद के ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमें सीरीज में 1-1 से बराबरी पर हैं। टीम इंडिया ने इस सीरीज के पहले मुकाबले को 5 विकेट से अपने नाम किया था। वहीं वेस्टइंडीज ने दूसरे मैच में वापसी करते हुए उसे 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला अहम है, क्योंकि पिछले वनडे में भारतीय टीम के हारने के बाद सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। तीसरा वनडे गंवाने की स्थिति में टीम इंडिया यह सीरीज भी गंवा देगी। ब्रावो ने 2021 में इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 40 टेस्ट, 164 वनडे और 91 टी-20 इंटरनेशनल में मैचों में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया है।

# भारत के खिलाफ वेस्टइंडीज की टी-20 टीम जारी- निकोलस पूरन की वापसी; मैच 3 अगस्त को



**स्पोर्ट्स डेस्क।** वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम वेस्टइंडीज दौरे पर 3 अगस्त से टी-20 सीरीज का पहला मैच खेलेगी। टीम इंडिया पहले ही टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर चुकी है। मंगलवार को वेस्टइंडीज ने टी-20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। टीम में निकोलस पूरन की वापसी हुई है। पूरन वनडे सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थे। इस सीरीज में टीम की कप्तानी रोवमैन पॉवेल और काइल मेयर्स को उपकप्तानी सौंपी गई है। टीम मे शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर और ओडियन स्मिथ जैसे शानदार टी-20 क्रिकेट के खिलाड़ी भी मौजूद हैं। निकोलस पूरन ने 30 जुलाई को मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में 55 गेंदों पर 137 रनों की धुआंधार पारी खेली थी। पूरन ने सेटल ऑर्कास के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले में 13 छक्के लगाकर एमआई न्यूयॉर्क को जीत दिलाते हुए चैंपियन बनाया था। वेस्टइंडीज और भारत के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज 3 अगस्त से शुरू होगी। सीरीज के आखिरी दो मैच अमेरिका में खेले जाने हैं। ोनों टीमों के बीच तीनों फॉर्मेट की सीरीज 2 टेस्ट से शुरू हुई। भारत ने टेस्ट सीरीज 1-0 से जीती। तीन वनडे मैचों की सीरीज का अंतिम मुकाबला आज खेला जाएगा।

# देवधर ट्रॉफी में उत्तर क्षेत्र ने पूर्वोत्तर को नौ विकेट से हराया

**पुडुचेरी।** उत्तर क्षेत्र की टीम ने बेहतर गेंदबाजी और बल्लेबाजी करते हुए देवधर ट्रॉफी के राउंड रोबिन मैच में पूर्वोत्तर क्षेत्र को नौ विकेट से हरा दिया। इस मैच में उत्तर क्षेत्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को 32.1 ओवर में 101 रन पर ही समेट दिया। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को केवल 12.5 ओवर में ही एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। उत्तर क्षेत्र की तरफ से स्पिनर मयंक मारकंडे ने 14 रन देकर चार जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए।

## कारोबार

# कीमतों के कारण लोगों ने सोने में कम दिखाई रुचि



**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड ऊंची कीमतों के कारण भारत में सोने की मांग अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सात प्रतिशत घटकर 158.1 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने इसकी जानकारी दी। डब्ल्यूजीसी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि भंडारण के कारण वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में सोने का आयात सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 209 टन रहा। रिपोर्ट के मुताबिक 2023 की पहली छमाही में 271 टन की मांग के अनुमान के साथ पूरे साल में मांग 650-750 टन के बीच हो सकती है। डब्ल्यूजीसी इंडिया के क्षेत्रीय सीईओ सोमसुंदरम पी आर ने बताया, दूसरी तिमाही में सोने की मांग में सात प्रतिशत की गिरावट सोने की मौजूदा रिकॉर्ड ऊंची कीमतों के कारण है। इसकारण उपभोक्ता भावना काफी हद तक प्रभावित हुई। बीते दिनों सोने की कीमतों में भारी उछाल आया और बेहद कम समय में यह 64,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

# जून तिमाही में मारुति का नेट प्रॉफिट 2,485 करोड़ रुपए- ये पिछले साल से 145 प्रतिशत ज्यादा, कंपनी के पास 3,55,000 व्हीकल्स के ऑर्डर पेंडिंग




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी ऑटोमेकर मारुति सुजुकी इंडिया का जून 2023 को खत्म तिमाही में नेट प्रॉफिट साल-दर-साल आधार पर 145प्रतिशत बढ़कर 2,485 करोड़ रुपए हो गया। पिछले साल की समान तिमाही में ये 1,012.8 करोड़ रहा था। हालांकि, पिछली तिमाही की तुलना में प्रॉफिट घटा है। मार्च तिमाही में यह ?2,623.6 करोड़ रुपए रहा था। QvFY24 में कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर ?26,499 करोड़ से 22प्रतिशत बढ़कर ?32,326.9 करोड़ हो गया। पिछली तिमाही में रेवेन्यू 32,048 करोड़ रहा था। तिमाही के दौरान नेट प्रॉफिट में बढ़ोतरी का कारण हाई सेल्स वॉल्यूम, कॉस्ट रिडक्शन और हायर नॉन ऑपरेटिंग इनकम है। मारुति का शेयर आज 142.70 रुपए बढ़कर 9,813 रुपए पर बंद हुआ। मारुति ने जून तिमाही में 498,030 गाड़ियां बेचीं, जो कि एक साल पहले की तुलना में 6.4त्र ज्यादा है। घरेलू बाजार में बिक्री 9त्र बढ़कर 4,34,812 यूनिट हो गई, जबकि निर्यात 9प्रतिशत घटकर 63,218 यूनिट रह गया। तिमाही के अंत में ग्राहकों के पेंडिंग ऑर्डर लगभग 3,55,000 व्हीकल्स थे और कंपनी इन ऑर्डर्स को तेजी से पूरा करने का प्रयास कर रही है। कंपनी ने कहा कि इस तिमाही में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कमी के कारण 28,000 से ज्यादा व्हीकल्स की मैन्युफैक्चरिंग नहीं हो सकी। उसे 2030-31 तक अपनी उत्पादन क्षमता को लगभग 40 लाख कारों तक बढ़ाना होगी, जो मौजूदा स्तर से लगभग दोगुनी है। ऑटोमेकर मारुति सुजुकी इंडिया का अप्रैल-जून तिमाही में नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर दोगुना से अधिक बढ़कर 2485 करोड़ रुपये हो गया। यह साल भर पहले 1013 करोड़ रुपये था। जून तिमाही में ऑपरेटिंग इनकम भी बढ़कर 32327 करोड़ रुपये रही, जोकि सालभर पहले 26500 करोड़ रुपये था। इस अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 22 फीसदी बढ़ा है। अडाणी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को पहली तिमाही के नतीजे जारी कर दिए। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी को सालाना आधार पर 51त्र बढ़कर 323 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ है। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी को 214 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था।

# गो फर्स्ट 15.5 लाख यात्रियों को वापस करेगा 597 करोड़

**मुंबई।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने यात्रा के लिए टिकट खरीदने वाले करीब 15.5 लाख यात्रियों को 597.54 करोड़ रुपए वापस करने की याचिका पर गो फर्स्ट के कर्जदाताओं की समिति तथा दिवाला व ऋण शोधन अक्षमता बोर्ड को नोटिस जारी किया। संकटग्रस्त गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) ने यात्रियों को पैसे वापस करने की अनुमति मांगने के लिए एनसीएलटी का रुख किया है। गो फर्स्ट ने अपनी विमान सेवाएं तीन मई को बंद कर दी थी, जबकि कुछ यात्रियों ने 10 जुलाई तक के लिए एयरलाइन की टिकट खरीदी थीं। समाधान पेशेवर का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि यह बंद पड़ी एयरलाइन को बहाल करने की व्यावसायिक योजना के तहत किया जा रहा है। एनसीएलटी की पीठ ने कहा कि ऐसी व्यवसाय योजना की व्यवहार्यता तथा क्रियान्वयन ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) के सदस्यों के सुझावों के तहत होनी चाहिए। एनसीएलटी की पीठ ने समाधान पेशेवर से राशि की वापसी पर ऋणदाताओं से विशेष मंजूरी लेने को कहा। उन्होंने कहा ?कि सीओसी को इसकी जानकारी है और उन्होंने इसकी मंजूरी दे दी है।

# नकली दवाओं पर शिकंजा कसने 300 प्रमुख ब्रांडों पर क्यूआर कोड लगाना जरूरी



**नई दिल्ली।** नकली दवाओं से बचने के लिए देश के प्रमुख 300 दवा ब्रांडों की पैकेजिंग पर क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। 1 अगस्त से दिखने वाले क्यूआर कोड की मदद से नकली दवाओं पर लगाम कसेगी और उनका पता भी आसानी से लग जाएगा। भारतीय दवा विनिर्माताओं के संगठन (आईडीएमए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरंची शाह ने कहा कि 1 अगस्त और उसके बाद बनने वाली इन 300 ब्रांडों की बैच में पैकेजिंग पर क्यूआर कोड छपे होंगे। सरकार के इस कदम का असर डोलो (माइक्रो लैब्स), एलेग्रा (सनोफी), एस्थलिन (सिप्ला), ऑगमेंटिन (जीएसके), सेरिडॉन (बायर फार्मास्युटिकल्स), लिम्सी (ऐबट), कालपोल , अनवांटेड 72 (मैनकाइंड फार्मा) जैसे लोकप्रिय दवा ब्रांडों पर पड़ेगा। इन ब्रांडों की दवा बहुत अधिक बिकती हैं और उन्हें सालाना कारोबार या सालाना बिक्री के आधार पर ही छांटा गया है। बड़ी दवा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस (आईपीए) के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा कि उद्योग इसके लिए तैयार है।

# बारिश से आवक हुई कम मसालों के दाम आसमान पर पहुंचे



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे देश में दाल और टमाटर के बाद अब मसालों के दाम में भी जबरदस्त उछाल दिख रहा है। देश के फुटकर और थोक बाजारों में बारिश के कारण मसालों की आवक में जबरदस्त कमी आई है। इसका असर हर वर्ग के जेब पर पड़ रहा है। देश के कई हिस्सों में बाढ़ और बारिश ने सब्जियों के बाद मसालों के दामों को भी आसमान पर पहुंचा दिया है। बीते 10-15 दिनों में ही कई मसालों जैसे जीरा, हल्दी, लाल मिर्च, लौंग, दालचीनी और सौंठ जैसे मसालों के दाम दोगुने हो गए हैं। बता दें कि देश के हर वर्ग खासकर मध्यम वर्ग के लोग महंगाई से त्रस्त हैं। दूध, दही, सब्जी और मसालों सहित रसोई में इस्तेमाल होने वाले तकरीबन हर उत्पाद की कीमतें बढ़ गई हैं। पिछले कई महीनों से दाल, रिफाइन तेल के भाव ने आम लोगों का कमर तोड़ रखा है। बीते तकरीबन दो महीनों से टमाटर सहित कई सब्जियों के दाम में जबरदस्त उछाल आया है। मसालों की कीमतों ने किस कदर लोगों की कमर को तोड़ दिया है, इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि बीते वर्ष जीरा का थोक भाव 300 रुपये किलो था, जो इस साल बढ़कर 700-800 के बीच पहुंच गया है। जीरा फुटकर बाजार में 1200 रुपये तक पहुंच गया है। इसी तरह लौंग, हल्दी, दालचीनी और सौंठ के भाव में उछाल आया है। दिल्ली-एनसीआर के खारी बावली में मसालों का सबसे बड़ा बाजार है। यहां अमूमन मसालों की कीमतें कम रहती हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से इस बाजार में भी मसालों की थोक मूल्य में आग लगी हुई है। मसालों के थोक व्यापारी कहते हैं, मसालों की कीमतों में पिछले कुछ दिनों से जबरदस्त तेजी आई है। इसका कारण मसालों की आवक में कमी है। राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के कई भागों में फसल काटने के वक्त ही बारिश हुई है, जिससे पैदावार पर असर पड़ा है।

# शी जिनपिंग का आदेश- जंग की तैयारी रखे सेना

## चीनी परमाणु हथियारों के नए चीफ बने वांग ह्युबिन; आज आर्मी डे मनाएगा ड्रैगन



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सेना को अपने हथियार मॉडर्नाइज करने का आदेश दिया है। चीनी मीडिया ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक शी ने ये आदेश सिचुआन प्रांत में एयर फोर्स के वेस्टर्न थिएटर कमांड की निगरानी के बाद दिए। शी ने कहा है कि जब चीन की सिक्योरिटी सिचुएशन अस्थिरता और अनिश्चतताओं से जुझ रही हो उस दौरान सेना को दिए गए टास्क पूरे करने हैं। दरअसल, शी जिनपिंग कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चीन के जनरल सेक्रेटरी होने के अलावा सेंट्रल मिलिट्री कमिशन के चेयरमैन भी हैं।

### तेजी से नए लड़ाकू बल बनाए सेना

शी जिनपिंग ने चीन की सेना से डिमांड की है कि वो जल्द से जल्द सेना में नए हथियारों को जोड़े और लड़ाकू बल बनाए। वहीं उन्होंने सेना को असल लड़ाई जैसे हालात बनाकर ट्रेनिंग करने के आदेश भी दिए हैं। उन्होंने कहा- सेना के लिए ये जरूरी है कि जो काम उन्हें चीन के लोगों और पार्टी ने दिए हैं वो पूरे किए जाएं। चीन की सेना तेजी से अपनी जंग लड़ने की क्षमता को बढ़ा रही है। रविवार को एक कार्यक्रम में चीन के एडवांस्ड वॉर प्लेन J-20 फाइटर जेट, YU-20 एरिएल टैंकर औरं-20 यूटिलिटी हेलिकॉप्टर ने जनता के सामने अपनी ताकत का नमूना पेश किया।

### परमाणु हथियार की जिम्मेदार वांग ह्युबिन को सौंपी

चीन आज यानी मंगलवार को अपना आर्मी डे सेलिब्रेट करेगा। इससे ठीक एक दिन पहले सोमवार को शी जिनपिंग ने अपने परमाणु हथियारों की जिम्मेदारी वांग ह्युबिन को सौंप दी है। वो 2020 तक चीन की नौसेना के डिप्टी कमांडर रहे हैं। अब उन्हें चीनी सेना की रॉकेट फोर्स की जिम्मेदारी दी गई है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट ने मिलिट्री के सूत्रों के हवाले बताया है कि रॉकेट फोर्स के पिछले हेड ली युचाओ और कई सीनियर कमांडरों को भ्रष्टाचार के आरोप में निगरानी में रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें पूछताछ के

### ज्यादा तेजी से एटमी हथियार बना रहा चीन

चीन और पाकिस्तान ने भारत के मुकाबले तेजी से अपने परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाई है। ये दावा स्वीडन के थिंक टैंक SIPRI ने किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले कुछ सालों में चीन ने अपने हथियारों के जखीरे में 60, तो पाकिस्तान ने 5 परमाणु हथियार जोड़े हैं, जबकि भारत ने 4 नए परमाणु हथियार डेवलप किए हैं। अमेरिका और ताइवान के साथ लगातार खराब होते संबंधों के बीच चीन अपनी परमाणु ताकत बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने एक ब्लू प्रिंट तैयार किया था, जिसे शी जिनपिंग ने अब अप्रूव कर दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साल 2035 तक चीन अपने परमाणु हथियारों की संख्या तीन गुना तक बढ़ा कर 900 कर लेगा। क्योडो न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक कई फॉरेन एक्सपर्ट्स ने दावा किया है कि चीन परमाणु हथियारों के 'नो फर्स्ट यूज' की पॉलिसी को भी छोड़ सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि चीन युद्ध की स्थिति में किसी भी देश पर पहले परमाणु हमला कर सकता है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट ने मिलिट्री के सूत्रों के हवाले बताया है कि रॉकेट फोर्स के पिछले हेड ली युचाओ और कई सीनियर कमांडरों को भ्रष्टाचार के आरोप में निगरानी में रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें पूछताछ के लिए किसी अनजान जगह ले जाया गया है।चीन में नौसेना कमांडर का रॉकेट फोर्स (परमाणु हथियारों) का हेड बनना नई बात है।

# संयुक्त राष्ट्र परिषद ने की पाक में आत्मघाती हमले की निंदा



**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र व सुरक्षा परिषद के नेताओं ने पाकिस्तान में हुए आत्मघाती हमले की तीखी निंदा की है। यह हमला जमीयत उलेमा इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में हुआ था। जिसमें आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया गया था। घटना में 54 लोगों की जान चली गई थी। ध्रुवीकृत परिषद ने एकता दिखाते हुए एक प्रेस बयान जारी कर खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर में रविवार को हुए जघन्य और कायरतापूर्ण आत्मघाती आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। परिषद ने कहा कि हमने आतंकवाद के इन निंदनीय कृत्यों के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के दायरे में लाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और महासभा के अध्यक्ष सीसाबा कोरोसी ने भी हमले की निंदा की। क्इस दौरान महासचिव के प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि गुटेरेस पाकिस्तानी अधिकारियों से जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाने का आह्वान करते हैं और आतंकवाद के सभी उदाहरणों और नागरिकों के खिलाफ जानबूझकर लक्षित हमलों की निंदा करते हैं। बता दें कि खुरासान प्रांत के आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

# ट्रक की भिड़ंत में 5 लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत




**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले के हुसैनगंज क्षेत्र में सोमवार को लखनऊ-फतेहपुर राजमार्ग पर एक कार ओवरटेक करने के दौरान ट्रक से टकरा गई। जिससे उसमें सवार 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कार सवार अपने एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि दयाशंकर यादव नामक व्यक्ति अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के साथ अपने दामाद के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हुसैनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव जा रहा था। उन्होंने बताया कि रास्ते में लखनऊ-फतेहपुर राजमार्ग पर बेरागढ़ीवा गांव के पास दूसरी कार को ओवरटेक करते समय उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक समेत कार सवार सभी 5 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिश्र ने बताया कि मृतकों की पहचान दयाशंकर यादव, उसकी पत्नी विजयरानिया, गोरेलाल, सुदमिया तथा प्रमोद यादव के रूप में की गई है।

# जलाई कुरान, पन्ने फाड़कर किया किताब का अपमान



**स्टॉकहोम।** स्वीडन में इन दिनों कुरान फाड़कर जलाने की लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं। यहां से एक बार फिर पवित्र कुरान के अपमान करने की खबर से दुनियाभर के मुस्लिम देश नाराज हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को स्टॉकहोम में स्वीडन की संसद के बाहर दो प्रदर्शनकारियों ने कुरान के पन्ने फाड़े और उन्हें जला दिया। हाल के हफ्तों में यह तीसरा जबकि स्वीडन के प्रधानमंत्री की ओर से चेतावनी देने के बाद यह पहला प्रदर्शन है। जब पीएम ने कहा था कि इस्लाम की पवित्र पुस्तक का अपमान करके प्रदर्शनकारी स्वीडन को आतंकवाद का बड़ा टार्गेट बना रहे हैं। इस्लामिक सहयोग संगठन (आईओसी) ने सोमवार को बार-बार कुरान के अपमान पर स्वीडन और डेनमार्क की प्रतिक्रिया की आलोचना की। सोमवार को सलवान मोमिका और सलवान नजेम नाम के शख्स ने संसद के बाहर पवित्र कुरान का अपमान किया। इसके बाद उन्होंने किताब के कुछ पन्ने जला दिए। गौरतलब है कि मोमिका एक ईसाई इराकी शरणार्थी है। दोनों ने पहले भी ईद-उल-अजहा के मौके पर स्टॉकहोम की ग्रैंड मस्जिद के बाहर कुरान की प्रति जलाई थी।

# थैरेपी से घर बैठे घंटे भर में 7 हज़ार रुपये कमाती है महिला

**वॉशिंगटन।** यहां एक महिला ने ?बिना ?डिग्री, बगैर पढ़ाई के एक अलग ही किस्म की साइड जॉब ढूंढ ली, अब वो इसके ज़रिये घर बैठे-बैठे ही हर घंटे के 7000 रुपये कमा रही है। नताशा विक्स नाम की 44 साल की महिला है। वो वैसे तो बिहेवियर थैरेपिस्ट हैं और लोगों को ज़िंदगी बेहतर तरीके से जीने में मदद देती हैं। उन्होंने अपने इस काम के अलावा एक्स्ट्रा कमाई के लिए एक अलग ही किस्म का काम शुरू किया है। वो कडल थैरेपी के ज?रिए अपने ही घर में इससे हजारों रुपये कमा रही है। इसके अलावा उसे अपने इसी काम के लिए यूरोप में जगह-जगह घूमने का भी मौका मिलता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नताशा यूरोप के तरह-तरह के देशों के चक्कर लगा चुकी हैं, ताकि लोगों को बेहतरीन कडल दे सकें। वे प्रोफेशनल तौर पर लोगों को गले लगाने का काम करती हैं। इसके लिए वो बेल्जियम, आयरलैंड और यूनाइटेड किंगडम की अलग-अलग जगहों पर जा चुकी हैं। वे एक सेशन के लिए 7000 रुपये से ज्यादा चार्ज करती हैं। नताशा का कहना है कि उनके क्लाइंट्स कहते हैं कि वो बेहद अच्छी तरह से उन्हें गले लगाती हैं।

# म्यांमार में सेना ने बढ़ाया आपातकाल, चुनाव टाले- सू की की सजा घटाकर 27 साल की; तख्तापलट के बाद 6 हजार ने गंवाई जान



**म्यांमार।** म्यांमार में 2021 में तख्तापलट कर चुकी सेना ने वहां आपातकाल का समय 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। म्यांमार में इमरजेंसी 31 जुलाई को खत्म होने वाली थी। इससे पहली ही सेना के नेतृत्व वाली नेशनल डिफेंस और सिक्योरिटी कार्उसिल ने बैठक कर आपातकाल बढ़ाने की घोषणा कर दी। सेना ने अगस्त में होने वाले चुनाव को भी टाल दिया है। वहीं, स्टेट मीडिया के मुताबिक सेना ने तख्तापलट से पहले म्यांमार की नेता रही आंग सान सू की को उनके गुनाहों के लिए माफ कर दिया है। आंग सान सू की को 19 मामलों का दोषी पाया गया था इनमें से उनके 5 गुनाहों के लिए माफ कर दिया गया है। पहले सेना ने 33 साल की सजा दी थी। सेना ने उसे घटाकर 27 साल कर दिया है। वो उन 7 हजार लोगों में से हैं जिन्हें सेना की तरफ से माफी दी गई है। फिलहाल सेना ने सू कू को हाउस अरेस्ट में रखा हुआ है। म्यांमार में सेना ने 1 फरवरी 2021 को तख्तापलट कर दिया था। वहां की लोकप्रिय नेता और स्टेट काउंसलर आंग सान सू की और राष्ट्रपति विन मिंट समेत कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद मिलिट्री लीडर जनरल मिन आंग हलिंग ने खुद को देश का प्रधानमंत्री घोषित कर दिया था। सेना ने देश में 2 साल के आपातकाल की घोषणा की थी। दरअसल, म्यांमार में नवंबर 2020 में आम चुनाव हुए थे। इनमें आंग सान सू की पार्टी ने दोनों सदनों में 396 सीटें जीती थीं। वहीं विपक्ष की यूनियन सॉलिडैरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी ने दोनों सदनों में मात्र 33 सीटें ही जीतीं। इस पार्टी को सेना का समर्थन हासिल था। नतीजे आने के बाद सेना ने इस पर सवाल खड़े कर दिए। सेना ने चुनाव में सू की की पार्टी पर धांधली करने का आरोप लगाया था। चुनाव नतीजों के बाद से ही सरकार और सेना के बीच मतभेद शुरू हो गया, जिसके बाद सेना ने तख्तापलट कर दिया था। पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक म्यांमार में साल 2021 में हुए तख्तापलट के बाद से सेना 6,000 लोगों को मार चुकी है।

# बीच पर शर्टलेस दिखे 80 साल के अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के 80 साल के राष्ट्रपति जो बाइडेन कुछ दिन पहले अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने डेलावेयर गए थे। यहां एक बीच पर बाइडेन की शर्टलेस फोटोज वायरल हो रही हैं। AFP के मुताबिक, डेलावेयर के रेहोबोथ में बाइडेन का एक फार्म हाउस है। इसी के पास वो बीच पर धूप सेंक रहे थे, जब एक पत्रकार ने उनकी तस्वीरें लीं। तस्वीर में बाइडन को नीले रंग के स्विमिंग ट्रंक, नीले टेनिस जूते, एक बेसबॉल कैप और धूप का चश्मा पहने दिख रहे हैं। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी जिल बाइडेन और 22 साल की पोती फिननेगन भी मौजूद थीं। हालांकि, इस दौरान उनके साथ उनका बेटा हंटर बाइडेन नहीं था। बीच पर बाइडेन के आसपास सीक्रेट सर्विस की काफी तगड़ी सुरक्षा मौजूद थी। सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स भी फॉर्मल कोर्ट-पैंट की जगह कैजुअल कपड़ों में खड़े थे।

# यूक्रेनी कमांडो को खास ट्रेनिंग दे रही ब्रिटिश सेना- क्रिसमस तक रूस के कब्जे से क्रीमिया को छुड़ाने का लक्ष्य



रूस-यूक्रेन जंग के बीच ब्रिटेन की सेना यूक्रेन के एक खास कमांडो ब्रिगेड को ट्रेनिंग दे रही है। इस ट्रेनिंग का मकसद रूसी सेना को अक्षम करना और दिसंबर में क्रिसमस से पहले रूस के कब्जे से क्रीमिया को वापस लेना है। इंग्लैंड के डार्टमूर में करीब 2 हजार यूक्रेनी सैनिक ट्रेनिंग ले रहे हैं। डेली एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऑपरेशन में समुद्र, हवा और जमीन से हमले की ट्रेनिंग दी जाएगी। यूक्रेनी सैनिक रूसी सेना को रोकने के लिए एडवांस्ड तकनीक का इस्तेमाल करेंगे। इसके अलावा अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देश यूक्रेन को लंबी दूरी वाली नई मिसाइल भी देंगे, जिसका इस्तेमाल रूस के डिफेंस को तोड़ने के लिए किया जाएगा। इससे पहले यूक्रेन के इंटेलिजेंस एजेंसी के चीफ किरिलो बुडानोव ने कहा था कि जल्द ही उनकी सेना क्रीमिया में दाखिल होगी। ये ट्रेनिंग डेवॉन के ओकेहैप्टन में मौजूद बैटल कैंप में हो रही है। यहां दूसरी किसी भी मिलिट्री यूनिट या आम जनता को जाने की इजाजत नहीं है। 42 कमांडो के रॉयल मरीन्स ट्रेनिंग देख रहे हैं। इसमें लंबी दूरी तक मार्च और रात में असली गोला-बारूद के साथ हमले की प्रैक्टिस हो रही है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की देश से रूसी सेना को बाहर करना चाहते हैं। उनके इसी लक्ष्य के तहत क्रीमिया को रूस से वापस लेने का टारगेट तय किया गया है। जेलेंस्की का मानना है कि उन्हें रूसी सेना पर लगातार हमले के साथ ही उसे कमजोर करने पर काम करना है। कर्च ब्रिज और क्रीमिया में लगातार ड्रोन हमले से रूसी की वहां पर पकड़ कमजोर पड़ सकती है।

# चीन में डोकसुरी टाइफून से 11 की मौत, 27 लापता



**बीजिंग।** चीन में डोकसुरी टाइफून से 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 27 लोग लापता हैं। चीन की राजधानी बीजिंग में पिछले 70 साल की सबसे ज्यादा 257.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इससे पहले 1951 में इतनी तेज बारिश हुई थी। हालात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रेस्क्यू वर्कर्स ने अब तक 1 लाख 27 हजार लोगों को बचाकर सुरक्षित जगह पर भेजा है। वहीं, राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जगह-जगह बाढ़ में फंसे लोगों को जल्द बचाने के निर्देश दिए हैं। चीन के फ्लड कंट्रोल डिपार्टमेंट के मुताबिक 13 जिलों के 44 हजार लोग फिलहाल बाढ़ की चपेट में हैं। चीन के स्टेट मीडिया हाउस CCTV ने बताया कि सेना ने चार हेलिकॉप्टर्स को बाढ़ के बीच फंसे लोगों को खाना, रेनकोट और कंबल देने के लिए भेजा है। सोमवार रात को 5 कस्बों में मोबाइल कम्यूनिकेशन तक ठप हो गया था।

# ऑस्ट्रेलिया में 91 बच्चियों से रेप का आरोपी गिरफ्तार



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने 25 साल में 1623 यौन अपराध करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 45 साल के इस आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। सिर्फ इतना बताया गया है कि वो देश के तीन शहरों में चाइल्ड केयर ऑफिसर रहा। आरोपी ने 91 बच्चियों से रेप किया। ऑस्ट्रेलिया के कानून के मुताबिक- आरोपी के खिलाफ अलग-अलग कैटेगरी में आरोप दर्ज किए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- पुलिस को पहली बार इसका सुराग 2014 में मिला था। हालांकि, गिरफ्तार करने में कामयाबी अब मिली है। आरोपी के पास से हजारों चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो, फोटो और कुछ रील्स बरामद की गई हैं। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया की अलग-अलग रिपोर्ट्स में इस स्कैंडल की जानकारी दी गई है। इनके मुताबिक- आरोपी के खिलाफ कुल मिलाकर 1623 सेक्स क्राइम्स दर्ज किए गए हैं। इनमें चाइल्ड केयर की 91 बच्चियों से रेप का आरोप भी शामिल है। इन सभी विक्टिम्स की उम्र 10 साल से कम है। 2022 के बीच तीन शहरों के 12 चाइल्ड केयर सेंटर्स में अंजाम दिए गए।

# पाकिस्तान में बम विस्फोट की जिम्मेदारी आइसिस ने ली- रैली में हुई थी 54 की मौत; 10-12 किलो विस्फोटक इस्तेमाल हुआ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में रविवार को हुए बम विस्फोट की ISIS यानी इस्लामिक स्टेट ने जिम्मेदारी ली है। इस आत्मघाती हमले में 23 बच्चों सहित करीब 54 लोगों की मौत हुई थी। वहीं 400 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। खैबर पख्तूनख्वा राज्य के बाजौर में जमीयत उलेमा इस्लाम की रैली के दौरान ये हमला हुआ था। रैली में करीब 400 लोग मौजूद थे। खुरासान प्रांत में इस्लामिक स्टेट ने अपनी अमाक वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में हमले की जिम्मेदारी ली। पोस्ट में लिखा गया कि हमलावर ने एक विस्फोटक जैकेट पहन रखा था। इस्लामिक स्टेट की लोकल यूनिट ने इससे पहले भी ISIS के नेताओं को निशाना बनाया है, क्योंकि वह उन्हें अलगाववादी मानते हैं। पाकिस्तान के काउंटर टेररिजम डिपार्टमेंट ने बताया कि हमले में करीब 10-12 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने घायलों को समय पर इलाज मुहैया कराने पर जोर दिया। खैबर पख्तूनख्वा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री आजम खान ने पुलिस से धमाके को लेकर रिपोर्ट तलब की। उन्होंने पेशावर के सैन्य अस्पताल का दौरा किया और घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। आजम खान ने PM शहबाज शरीफ से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने अस्पताल में घायलों के बयान दर्ज किए। इस रैली को JUI-F के सीनियर लीडर हाफिज हमदुल्लह संबोधित करने वाले थे, लेकिन वो किसी वजह से यहां पहुंच नहीं सके। बाद में मीडिया से बातचीत में हाफिज ने कहा- हमारे कई कार्यकर्ता इस ब्लास्ट में मारे गए। मैं इस घटना की निंदा करता हूं। हमारे हौसले इस तरह के हमलों से कम नहीं होंगे। हाफिज ने आगे कहा- इस तरह के हमले पहले भी होते रहे हैं।

# यूके में प्राइवेट जेट इस्तेमाल करने पर घिरे सुनक- 1 घंटे का सफर भी प्लेन से; सवाल हुआ तो खफा होकर इंटरव्यू ही छोड़ दिया



**लंदन।** देश में भी सफर के लिए प्राइवेट जेट का इस्तेमाल करने वाले ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इस बारे में पूछे गए सवाल पर बिफर गए। उन्होंने इंटरव्यू बीच में ही छोड़ दिया। अपोजिशन लीडर्स भी सुनक के इस रवैये को गैर जिम्मेदाराना बता रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय मूल के सुनक ब्रिटेन में जिस यात्रा को ट्रेन से करीब एक घंटे में पूरा कर सकते थे, उसके लिए भी उन्होंने प्लेन का इस्तेमाल किया। दूसरी तरफ, सुनक का दावा है कि वो वक्त का सबसे सही इस्तेमाल करना चाहते हैं, इसलिए प्राइवेट जेट यूज करते हैं।

### सवाल नहीं, समाधान की बात कीजिए

- प्राइवेट जेट के इस्तेमाल को लेकर सुनक कई महीनों से अपोजिशन और मीडिया के निशाने पर हैं। सोमवार को भी वो प्राइवेट जेट से ही स्कॉटलैंड गए। लौटने के बाद BBC रेडियो को इंटरव्यू दिया।प्रेजेंटर ने पूछा- आप हमेशा क्लाइमेट चेंज रोकने की बातें करते हैं। दूसरी तरफ, देश के अंदर यात्रा के लिए भी प्राइवेट जेट का इस्तेमाल करते हैं। इससे भी तो कार्बन इमिशन यानी कार्बन उत्सर्जन होता है।
- इस सवाल पर सुनक नाराज हो गए। नाराजगी भरे अंदाज में कहा- मैं अपने वक्त का सबसे सही इस्तेमाल करना चाहता हूं। अच्छा होगा आप इस मसले पर सवाल करने से ज्यादा, इसके हल पर बात करें। मैं पहले भी इसी तरह सफर करता था, आज भी कर रहा हूं। वक्त का सही इस्तेमाल करने में क्या गलत है?
- सुनक ने आगे कहा- क्लाइमेट चेंज रोकने का ये मतलब तो नहीं है कि आप लोगों को हर काम करने से रोक दें। वो एयरक्राफ्ट में सफर न करें, छुट्टियां मनाने न जाएं। ये तो फिजूल की बातें हैं। मेरे पहले भी जो ब्रिटिश प्रधानमंत्री थे, वो सभी प्राइवेट जेट यूज करते थे, पहले तो आपने सवाल नहीं किए।
- इस पर प्रेजेंटर मार्टिन जिस्लर ने कहा- सर, प्राइवेट जेट और कॉमर्शियल फ्लाइट में फर्क होता है। सुनक का जवाब था- हम एयरक्राफ्ट फ्यूल के दूसरे ऑप्शंस खोजने पर काम कर रहे हैं। बैन नहीं चाहिए, बल्कि नई टेक्नोलॉजी की दरकार है।
- सुनक प्राइवेट जेट के इस्तेमाल की वजह से विरोधियों के निशाने पर रहे हैं। जब वो प्राइवेट हेलिकॉप्टर से डोवर गए तो अपोजिशन ने सवाल उठा दिए।
- वैसे तो सुनक कई बार प्राइवेट जेट या प्राइवेट हेलिकॉप्टर के इस्तेमाल की वजह से विरोधियों के निशाने पर रहे हैं, लेकिन हाल ही में जब वो प्राइवेट हेलिकॉप्टर से डोवर गए तो अपोजिशन पार्टी ने सवाल उठा दिए।

# हमले का खतरा- यूरोपियन एजेंसी ने कहा- 26 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई रखें पायलट



**बर्लिन/इस्लामाबाद।** यूरोप की सबसे बड़ी एविएशन एजेंसी ने पाकिस्तान के एयर स्पेस को लेकर इमरजेंसी एडवाइजरी जारी की है। इसमें पायलट्स से कहा गया है कि वो पाकिस्तान के एयर स्पेस से गुजरते वक्त फ्लाइट ऑल्टीट्यूड, यानी विमान की ऊंचाई 26 हजार फीट से ज्यादा रखें। एडवाइजरी के मुताबिक- खासतौर पर लाहौर और कराची के ऊपर से गुजरते वक्त एडवाइजरी का खास ख्याल रखा जाए, क्योंकि यहां मौजूद आतंकी संगठन सिविलियन फ्लाइट्स को निशाना बना सकते हैं। पाकिस्तान ने इस एडवाइजरी को खारिज करते हुए कहा- यहां कोई खतरा नहीं है, पहले वो अपना घर देखें।

'यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी' या ने यह एडवाइजरी जारी की है। इसमें एविएशन सेक्टर के एक टेक्निकल टर्म स्नरु260 का इस्तेमाल किया गया है। दरअसल, स्नरु का अर्थ फ्लाइट ऑल्टीट्यूड या उड़ान के वक्त एयरक्राफ्ट की ऊंचाई से है। स्नरु260 का मतलब हुआ कि कोई एयरक्राफ्ट 26 हजार फीट से कम पर उड़ान नहीं भरेगा।

एडवाइजरी में लाहौर और कराची का खासतौर पर जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है- एयरक्राफ्ट पर आतंकी हमलों का खतरा है।

माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेल: madhavttw2728@gmail.com पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।